Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 231 | शनिवार, 23 अगस्त -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## राजनाथ सिंह का पाकिस्तान पर हमला, बोले

# भारत फरारी जैसी अर्थव्यवस्था पाक अब भी मलबे का डंपर

**नई दिल्ली।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान की आर्थिक हालत की तुलना मलबे से भरे डंपर से की। उन्होंने कहा कि दोनों देश एक ही दिन आजाद हुए थे। भारत ने मेहनत और दूरदर्शिता से फरारी जैसी मजबूत अर्थव्यवस्था बनाई है। उन्होंने विदेशी निवेशकों से भारत के रक्षा क्षेत्र में निवेश की भी अपील की और भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की महत्वपूर्ण कड़ी बताया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों देशों को एक ही समय पर आजादी मिली। एक देश ने मेहनत, सही नीतियों और दूरदर्शिता से फरारी जैसी अर्थव्यवस्था बनाई, जबकि दूसरा देश अब भी मलबे के डंपर जैसा है। राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के बयान का हवाला देते हुए यह बात कही। राजनाथ सिंह ने कहा, मैं आपका ध्यान हाल ही में पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के दिए एक बयान की ओर दिलाना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि भारत एक फरारी जैसी चमचमाती मर्सिडीज है, जो हाइवे पर तेजी से दौड़ रही है और हम एक बजरी से भरा डंप ट्रक हैं। अगर ये ट्रक उस कार से टकरा जाए, तो नुकसान किसका होगा? भारत की अर्थव्यवस्था एक मर्सिडीज और फरारी की तरह हाइवे पर दौड़ रही है। यह मैंने नहीं कहा, उन्होंने खुद कहा। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था एक मलबे से भरे डंपर जैसी है। अब इसका जवाब आप लोग खुद जानते हैं। केंद्रीय मंत्री आगे कहा, असीम मुनीर को उनके इस बयान के लिए पाकिस्तान और दुनियाभर में भी खूब ट्रोल किया गया। लोगों ने कहा कि जब दो देशों को एक ही समय पर आजादी मिली और एक देश ने मेहनत, सही नीतियों और दूरदर्शिता से फरारी जैसी अर्थव्यवस्था बनाई, जबकि दूसरा देश अब भी डंपर की हालत में है, तो ये उनकी अपनी नाकामी है। उन्होंने कहा, मैं असीम मुनीर के इस बयान को केवल ट्रोल करने लायक मजाक नहीं समझता, बल्कि इसे एक 'स्वीकारोक्ति' मानता हूं। अगर हम इस बयान के पीछे छिपे गंभीर संकेत को नजरअंदाज करते हैं, तो यह हमारे लिए चिंता का विषय बन सकता है। अगर हम इस चेतावनी को गंभीरता से लें और पहले से तैयारी करें, तो भारत ऐसे किसी भी खतरे का मुंहतोड़ जवाब देने में पूरी तरह सक्षम है।



'वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत कर सकता है भारत'

## इजरायल को रैंपेज मिसाइलों का बड़ा ऑर्डर देगा भारत

**नई दिल्ली।**




ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी हवाई ठिकानों और आतंकवादी मुख्यालयों पर सफल हमले के बाद भारतीय वायुसेना इजरायल से बड़ी संख्या में हवा से जमीन पर मार करने वाली रैंपेज मिसाइलों का ऑर्डर देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। रैम्पेज मिसाइलों को भारतीय वायुसेना में हाई स्पीड लो ड्रैग-मार्क 2 मिसाइल के नाम से जाना जाता है। इनको पहले से ही सुखोई-30 एमकेआई, जगुआर और मिग-29 लड़ाकू विमान बेड़े के साथ जोड़ा जा चुका है।

रक्षा सूत्रों ने बताया कि ये मिसाइलें आपातकालीन खरीद प्रक्रिया (फास्ट ट्रैक प्रोसीजर) के तहत बड़ी संख्या में खरीदी जा रही हैं और जल्द ही ऑर्डर देने की संभावना है। रैंपेज मिसाइलों का उपयोग हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किया गया था। इनका इस्तेमाल सुखोई-30 एमकेआई विमानों से पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मुरिदके और बहावलपुर में स्थित आतंकवादी मुख्यालयों को अत्यंत सटीकता के साथ नष्ट करने के लिए किया गया। रैंपेज एक हाई-स्पीड हवा से जमीन पर मार करने वाली मिसाइल है, जिसे भारत ने पहली बार 2020-21 में गलवान घाटी में चीन के साथ संघर्ष के दौरान खरीदा था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इस मिसाइल ने पाकिस्तानी क्षेत्रों में बहुत अंदर तक लक्ष्यों को भेदने में शानदार प्रदर्शन किया। सूत्रों ने बताया कि भारतीय वायुसेना अब उन सभी विमान बेड़ों के लिए रैंपेज मिसाइलों के ऑर्डर दे रही है, जिनके साथ इसे पहले से इंटीग्रेट किया गया है। इसके साथ ही, वायुसेना अन्य विमान बेड़ों में भी इस मिसाइल को शामिल करने की संभावनाओं की तलाश कर रही है। रैंपेज मिसाइलों का सुखोई-30 एमकेआई के साथ सफल एकीकरण ने रूसी मूल के इस विमान बेड़े की मारक क्षमता को काफी हद तक बढ़ा दिया है। इस एकीकरण से 400 किलोमीटर से अधिक की मारक क्षमता वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइलों सहित कई लंबी दूरी की हवा से जमीन पर मार करने वाली मिसाइलों को दागना संभव हो गया है। इसके अलावा, भारतीय वायुसेना मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत रैम्पेज मिसाइलों के स्वदेशी उत्पादन की संभावनाओं पर भी विचार कर रही है।

## अमेरिका और चीन के बाद भारत करेगा कमाल, अंतरिक्ष में होगा खुद का स्पेस स्टेशन

**नई दिल्ली।**





भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में बड़ा कदम उठाते हुए अपने पहले भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का मॉडल पेश किया है। करफड ने शुक्रवार को दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू हुए राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह के मौके पर इस स्टेशन के पहले मॉड्यूल का मॉडल प्रदर्शित किया।

भारत की योजन है कि 2028 तक इस स्टेशन का पहला हिस्सा लॉन्च कर दिया जाए। अभी तक केवल दो देश अमेरिका समेत सहयोगी देशों का इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (करर) और चीन का तियांगोंग स्टेशन ही स्पेस पर काम कर रहा है। करफड ने बताया कि स्टेशन का पहला मॉड्यूल इअर-01 लगभग 10 टन वजनी होगा और इसे 450 किलोमीटर ऊंचाई पर धरती के कक्ष में स्थापित किया जाएगा। भारत की योजना है कि 2035 तक कुल पांच मॉड्यूल जोड़कर एक पूर्ण अंतरिक्ष स्टेशन तैयार कर लिया जाए। स्टेशन में ऑटोमेटेड हैच सिस्टम, माइक्रोग्रैविटी रिसर्च प्लेटफॉर्म और वैज्ञानिक इमेजिंग के लिए व्यूपोर्ट होंगे। भारत के अंतरिक्ष स्टेशन पर मानव स्वास्थ्य पर माइक्रोग्रैविटी के असर, स्पेस में दवाइयों और जीवन विज्ञान पर शोध होगा। यहां से लंबे समय तक इंसानों की उपस्थिति के लिए जरूरी तकनीक भी विकसित की जाएगी। इसके अलावा, इस स्टेशन में स्पेस टूरिज्म भी होगी, जिससे भारत वाणिज्यिक अंतरिक्ष क्षेत्र में नई राह खोलेगा। यह स्टेशन अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देगा और भारत को वैश्विक शोध केंद्र बनाएगा। साथ ही, यह प्रोजेक्ट युवाओं को अंतरिक्ष विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित करेगा।

## भारत में जारी है टिक टॉक पर प्रतिबंध

**नई दिल्ली।**




सरकार ने चीनी इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म टिकटॉक को अनब्लॉक करने का कोई आदेश जारी नहीं किया है। कुछ लोगों द्वारा अपने डेस्कटाप ब्राउजर पर टिकटॉक वेबसाइट एक्सेस करने के बाद इसे अनब्लॉक किए जाने से जुड़ी खबरें सामने आने लगीं। हालांकि, आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार देर रात बताया कि भारत सरकार ने टिकटॉक को अनब्लॉक करने का कोई आदेश जारी नहीं किया है। ऐसा कोई भी बयान या खबर झूठी और भ्रामक है। जून 2020 में पूर्वी लद्दाख की गलवन घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई झड़पों के बाद सरकार द्वारा ब्लॉक किए गए इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्मों में टिकटॉक भी शामिल था। शुरूआत में टिकटॉक, यूसी ब्राउजर और शीन सहित 59 एप को ब्लॉक किया गया था। बाद में पबजी सहित और भी एप को सरकार ने ब्लॉक कर दिया। सरकारी आदेश के अनुसार सभी प्लेटफार्म पर प्रतिबंध जारी है। भारत-चीन संबंधों में हालिया सुधार वापसी की अटकलों को और हवा दे रहा है। इस हफ्ते की शुरूआत में चीनी विदेश मंत्री वांग यी की नई दिल्ली की यात्रा में प्रधानमंत्री मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बैठकें शामिल थीं।

## जेलेंस्की से मिलने को तैयार हैं पुतिन'

**मॉस्को।** रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मिलने के लिए तैयार हैं, बशर्ते मॉस्को और कीव के बीच संघर्ष के समाधान से संबंधित सभी मुद्दों का पूरी तरह से समाधान हो जाए। लावरोव बोले सभी मुद्दों का समाधान हो जाने पर पुतिन जेलेंस्की से मिलने को तैयार एएनआई के मुताबिक लावरोव ने गुरुवार को आरटी को बताया कि रूसी राष्ट्रपति ने बार-बार कहा है कि अगर विशेषज्ञों और मंत्रियों द्वारा यह समझ बन जाए कि उच्चतम स्तर पर विचार-विमर्श की आवश्यकता वाले सभी मुद्दों पर पूरी तरह से काम हो जाए।

## आकाश से मिली माओवादी हिंसा के विरुद्ध जीत की कुंजी

**जगदलपुर।**



बस्तर के घने जंगलों में माओवादियों हिंसा के विरुद्ध लंबे समय से चल रहे अभियान को नई धार मिली है। इसरो की अत्याधुनिक तकनीक और राष्ट्रीय तकनीकी अनुसंधान संगठन (एनटीआरओ) की सक्रिय भूमिका ने सुरक्षा बलों को निर्णायक बढ़त दिलाई है। छत्तीसगढ़ में 420 से अधिक माओवादियों मारे गए इसरो द्वारा विकसित काटोसैंट, रिसैट और ईएमआइसैट जैसे उपग्रहों से एनटीआरओ को सटीक और महत्वपूर्ण इमेजरी मिलती है। इस उपग्रह इमेजरी को ड्रोन निगरानी के साथ मिलाकर सुरक्षा बलों तक खुफिया जानकारी पहुंचाई जाती है। इस सटीक इनपुट से पिछले दो वर्षों में छत्तीसगढ़ में 420 से अधिक माओवादियों को मार गिराया गया है, जिनमें अधिकांश बस्तर क्षेत्र के थे। उपग्रह इमेजरी और थर्मल मैपिंग से माओवादी ठिकानों के गुप्त रास्तों की पहचान करने में मदद मिली है। इससे अब उनके लिए कहीं भी छिपना सुरक्षित नहीं रहा।

।। रस्म तेहरवी ।।



**श्री आशीष गर्ग**

(जिला एवं सत्र न्यायाधीश गा०बाद)

मान्यवर,

बडे दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी श्री आशीष गर्ग (जिला जज गाजियाबाद) का स्वर्गवास दिनांक 11.08.25 दिन सोमवार को हो गया था। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। दिवंगत आत्मा की शन्ति हेतु रस्म तेरहवी दिनांक 23.8.2025 दिन शनिवार को सुनिश्चित हुई है।

दिन शनिवार, 23 अगस्त 2025

हवन ........................................ 9.00 बजे प्रातः
शोक सभा (रस्म पगड़ी) ........................................ 2:00 बजे दोपहर

कृप्या पगड़ी साथ न लायें।

**शोकाकुल परिवार**

योगेन्द्र स्वरूप गर्ग दीपा गर्ग (चाचा चाची)
निधि गर्ग (धर्मपत्नी)
आयुष गर्ग - शिवानी गर्ग (पुत्र पुत्रवधु)
अनुष्का गर्ग (पुत्री)

**कार्यक्रम स्थल**

डायमण्ड पैलेस, कवि नगर, इण्डस्ट्रीयल एरिया, रजापुर, गाजियाबाद।
मों :9927020790, 9838878873, 9927046036, 9045905038

**निवास स्थल**

जिला जज निवास, ईस्ट मोडल टाऊन, गजियाबाद।

## संपादक की कलम से

# सांसदों से वसूली की जाए

लोकसभा और राज्यसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गईं। यानी संसद का मॉनसून सत्र समाप्त हो गया। यह संसद सत्र न भी होता, तो कोई फर्क नहीं पड़ता। कोई राष्ट्रीय नुकसान नहीं होता। हम यह बहुत भारी मन से लिख रहे हैं, व्यथित महसूस कर रहे हैं। हालांकि यह कहना देशहित में नहीं है, क्योंकि संसद हमारा सर्वोच्च और गरिमामय लोकतांत्रिक मंदिर है। बार–बार यह महज एक कथन, आदर्श वाक्य लगता है, क्योंकि संसद एक अखाड़ा बन कर रह गई है। संसद सत्र के दौरान करीब 190 करोड़ रुपए फूंक दिए गए। संसद की सार्थक कार्यवाही नहीं चल सकी। एक दिन की संसदीय कार्यवाही पर औसतन 9 करोड़ रुपए खर्च होते हैं। यह राशि सांसदों की नहीं, बल्कि देश की करदाता जनता की है। हंगामे, शोर–शराबे और कार्यवाही के बार–बार स्थगन के लिए जनता पैसे क्यों दे? सदन चले अथवा स्थगित हो जाए, लेकिन सांसद को 2500 रुपए का रोजाना भत्ता जरूर मिल जाता है। इस बार कुछ सांसदों ने ही यह मुद्दा उठाते हुए कहा है कि सदन के स्थगन से जितना आर्थिक नुकसान हुआ है, उतनी राशि सांसदों से ही वसूल की जाए। सांसदों के वेतन और भत्तों में कटौती की जाए। विपक्ष ने सत्र के दौरान एसआईआर के मुद्दे पर हंगामा जारी रखा, जबकि उन्हें भी जानकारी थी कि संसद के भीतर चुनाव आयोग पर बहस नहीं की जा सकती। मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण चुनाव आयोग का संवैधानिक विशेषाधिकार है, लेकिन विपक्ष ने सदन के भीतर और बाहर लगातार हंगामा किया और उसे अपना संवैधानिक अधिकार बताया। उस संदर्भ में वह बार–बार दिवंगत नेता अरुण जेतली को उद्धृत करता रहा। यदि संवैधानिक अधिकार के कारण ही संसद की कार्यवाही बाधित होती रहे और अंतत: उसे स्थगित करना पड़े, तो उसके नुकसान की भरपाई कौन करेगा? यह कहना अर्द्धसत्य है कि सदन की कार्यवाही चलाना सत्ता पक्ष का दायित्व है। यह कथन तब सही है, जब कार्यवाही में विपक्ष भी लगातार भागीदार बने। तभी बहस और चचाएं संभव हैं, तभी विधेयकों पर सामूहिक चर्चा कर उन्हें पारित करना संभव है। कहने को लोकसभा में 12 बिल और राज्यसभा में 14 बिल पारित किए गए। उन्हें हां अथवा ना के ध्वनिमत से पारित कर लिया गया। उसके लिए संसद की क्या जरूरत है? ऑनलाइन गेमिंग सरीखे बिल, जो करीब 45 करोड़ लोगों को प्रभावित कर रहा है और करीब 20,000 करोड़ रुपए दांव पर हैं, बिना चर्चा के ही पारित कर लिए गए। इंडियन पोर्ट्स बिल 2025 और नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल महत्वपूर्ण बिल थे, लेकिन वे भी बिना चर्चा के पारित कर लिए गए। यदि संसद में ऐसा ही चलना है, तो सत्र बुलाने की क्या आवश्यकता है? लोकसभा की उत्पादकता 31 फीसदी और राज्यसभा की 35 फीसदी रही। लोकसभा में विधायी कार्य 2.9 घंटे और राज्यसभा में 13.1 घंटे ही हो सका। संसद सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चला और 21 बैठकें हुईं। लोकसभा में 126 घंटे काम होना तय था, लेकिन 37 घंटे ही हो सका। लोकसभा में प्रश्नकाल मात्र 4.7 घंटे और राज्यसभा में 1.2 घंटे ही चला। संसद का क्या औचित्य है कि सांसद मंत्री से सवाल ही न कर सके? यह सत्र उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति के लिए भी याद किया जाएगा कि अचानक उन्हें इस्तीफा देने को बाध्य किया गया। पूर्व उपराष्ट्रपति न जाने कहां छिपे हैं कि उन्होंने एक भी बयान नहीं दिया है? उन्हें विदाई पार्टी भी नहीं दी गई! ऑपरेशन सिंदूर पर बहस तो हुई और अंत में प्रधानमंत्री मोदी ने 102 मिनट का सबसे लंबा भाषण दिया, लेकिन कई पहलू छूट गए। युद्धविराम किसने कराया, प्रधानमंत्री ने दो टूक शब्दों में जवाब नहीं दिया। कई बिल बिना चर्चा के पास होना कुछ सवाल खड़े करता है।


ललित शर्मा
संपादक

## डॉ.राजीव डोगरा



### बेरहम

कविता

सिफारिश–ऐ–दौर चला है
अपनों की जगह
कोई और चला है।

खुदगर्ज–ऐ–दौर चला है
निस्वार्थी मनुज की जगह
मतलबखोरों का क्षण चला है।

बेवफा–ऐ–दौर चला है
महोब्बत की जगह
रूप सम्मोहन का काल चला है।

मलाल–ऐ–दौर चला है
हमदर्द की जगह
बेदर्द इंसा का वक्त चला है।

जहालत–ऐ–दौर चला है
संज्ञान की जगह
अविद्या का अंधकार का चला है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# कुपोषित बच्चे, देश के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह



## संजीव ठाकुर



निश्चित तौर पर बच्चे देश के भविष्य होते हैयदि देश का भविष्य ही कुपोषित कमजोर और अविसित रहेगा, निर्बल रहेगा तो सशक्त विकसित भारत की कल्पना करना बेमानी होगाभारत में बच्चों के भुखमरी,कुपोषण और बाल विवाह एक बड़े अभिशाप की तरह सामने आ रहे हैं, बच्चों के कुपोषण और बाल विवाह देश के लिए एक बड़ी कमजोर कड़ी साबित हो रही है। यह देश की एक प्रमुख समस्या भी हैदेश में कुपोषण से बच्चे यानी आने वाले कल के जिम्मेदार नागरिकों की हालत बहुत ज्यादा चिंताजनक हैसरकारी आंकड़ों के अनुसार देश के 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में 33 लाख बच्चे कुपोषण के शिकार है और इनमें 50% बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित होकर बीमारी को झेल रहे हैंदेश में भले ही जोर शोर से बाल दिवस हर साल मनाया जाता है और उसी पर करोड़ों खर्च कर दिया जाता हैदेश में एक महिला तथा बाल विकास मंत्रालय की स्थापना भी की गई है, पर बच्चों के कुपोषण पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका हैऐसी क्या वजह है की नौनिहालों के पोषण के लिए केंद्र या राज्य सरकार के पास इतने संसाधन होने के बावजूद धन मुहैया नहीं हो पाता हैमलेरिया, टीबी और ना जाने अन्य कितनी बीमारियों पर भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने अरबों रुपए खर्च कर दिए हैं, पर जो भारत की मुख्य रीढ़ की हड्डी है यानी कि आने वाले कल के नागरिक वर्तमान के बच्चे यदि कुपोषित हैं तो यह अत्यंत चिंतनीय सोचनीय तथा विचारणीय पहलू है इसी तरह बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 लागू होने के पश्चात भी बाल विवाह के प्रकरण हजारों की संख्या में सामने आए हैं। निश्चित तौर पर देश में शिक्षा और जागरूकता की कमी के कारण यह भयावह स्थिति बनी है। दक्षिण के राज्यों में जहां शिक्षा का प्रतिशत काफी अच्छा है पर बाल विवाह के मामले में दक्षिण के राज्य कर्नाटक तथा तमिलनाडु शीर्ष पर मौजूद हैं यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। चिंताजनक लड़कियों के मामले में और ज्यादा है है क्योकि उनका भविष्य उनकी शिक्षा दीक्षा उनका शारीरिक विकास सब कुछ बाल विवाह से अवरुद्ध हो जाता है। बाल विवाह को रोकने के लिए समस्त रूप से प्रयास किए जाने चाहिए इस विषय में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने बाल विवाह रोकने पर और उनके संरक्षण पर काफी प्रयास काफी प्रयास किया है। उनकी जानकारी के अनुसार देश में बाल विवाह तथा लैंगिक मतभेद एक चिंताजनक बड़ा पहलू है जिसे हर संभव प्रयास कर प्रतिबंधित किया जाना चाहिए और इसे केवल सरकारी प्रयासों पर छोड़ देना ना काफी है इसे सामाजिक आंदोलन के रूप में लेकर शिक्षा तथा जागरूकता को भी काफी बढ़ावा देना होगा। इसी तरह देश में कुपोषण के मामले में सरकारी एजेंसियों द्वारा एक आर,टी,आई के जवाब में बताया गया कि 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों संकलित आंकड़ों के मुताबिक 34 लाख बच्चे कुपोषित पाए गए हैंइनमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र बिहार गुजरात और मध्यप्रदेश हैविगत दिनों करोना संक्रमण के कारण भी बच्चे कुपोषित हुए हैं और आने वाले कल के दिन में भी और बच्चों के कुपोषण कथा मृत्यु की आशंका बढ़ गई हैसरकारी आंकड़ों के हिसाब से 18 लाख बच्चे बहुत ज्यादा कुपोषित है एवं शेष 16लाख बच्चे अल्प कुपोषित हैंजब अरबों रुपए अन्य बीमारियों के संक्रमण में लगाए जा सकते हैं तो एक अभियान के तहत बच्चों के कुपोषण को दूर करने के लिए भी मैराथन प्रयास किए जाने चाहिए ।जिससे बच्चे तो कम से कम कुपोषित ना हो वैसे भारत कुपोषण के मामले में वैश्विक स्तर पर बांग्लादेश तथा पाकिस्तान से भी पीछे है उसका नंबर 101वां है, ऐसे हालात में महिला तथा बाल विकास को महिलाओं तथा बच्चों के लिए ही एक विशेष अभियान चलाकर उन्हें कुपोषित होने से बचाना होगापोषण ट्रैकर के हवाले से बताया गया कि सिर्फ महाराष्ट्र में ही कुपोषित बच्चों की संख्या छह लाख दर्ज की गई है जिनमें 1,57 लाख बच्चे अल्प कुपोषित तथा 4,58 लाख बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित हैं। दूसरे नंबर पर बिहार प्रदेश आता है जहां 5लाख कुपोषित बच्चे और तीसरे नंबर पर गुजरात प्रदेश होता है जहां 3:30 लाख बच्चे कुपोषित हैंमहाराष्ट्र बिहार गुजरात और मध्य प्रदेश बहुत सक्षम और देश के बड़े राज्य हैं, यहां पर स्वास्थ्य विभाग पर अरबों रुपए खर्च किए जाते हैं, फिर ऐसी क्या वजह है कि बच्चों के कुपोषण की दर इतनी ज्यादा तथा चिंताजनक हो गई हैकुपोषित बच्चे भी बड़े होते हैं तो वह कई बीमारियों को लेकर धीरे-धीरे बढ़ते हैं और इससे उनकी लंबाई तथा स्वास्थ्य पर बहुत ज्यादा असर पड़ता है देश के 34% कुपोषित बच्चों का कद औसत कद से बहुत कम हो जाता है21% बच्चे जो कुपोषण के कारण यदि वह बच भी जाते हैं तो उनका वजन अत्यंत कम हो जाता है

ऐसे कम लंबाई तथा कम वजन के बेचारे बच्चे देश का क्या भविष्य बना पाएंगे या देश में अपना योगदान क्या दे पाएंगे। इसीलिए भारत सरकार राज्य सरकारों को कम से कम बच्चों की तरफ तो ज्यादा से ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता होगीवैश्विक भूख सूचकांक( ग्लोबल हंगर इंडेक्स) के आंकड़ों के हिसाब से 2021 में भारत 116 देशों में 101 वें स्थान पर पहुंच गया है इस मामले में वह अपने पड़ोसी देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान और नेपाल से काफी पीछे हैइस मामले में भारत 2020 में ग्लोबल हंगर इंडेक्स के अनुसार 94 वें स्थान में था, और आज की स्थिति में 101 वे स्थान में पहुंच गया है। इसका सीधा सीधा मतलब है कि हर वर्ष कुपोषण से शिकार बच्चों की संख्या बेतहाशा बढ़ रही है। कुपोषण के मामले में भारत की राजधानी दिल्ली भी पीछे नहीं है दिल्ली प्रदेश की स्थिति भी चिंताजनक है अधिकारी और मंत्री भले बड़े-बड़े दावे करने में पीछे नहीं हटते हैं पर बच्चों की स्थिति चिंताजनक है,दिल्ली में ही 2लाख बच्चे कुपोषित हैं, आंध्र प्रदेश में 2,70लाख बच्चे कुपोषित हैं, कर्नाटक में 2,5 लाख बच्चे उत्तर प्रदेश में 19लाख बच्चे,तमिलनाडु में 1,80लाख ,असम में 1,80लाख और तेलंगाना में 1,60 लाख बच्चे कुपोषण की स्थिति में जी रहे हैं।

इस देश में जहां अरबों रुपए सरकार के 40 से ज्यादा विभागों में सालाना खर्च किए जा रहे हैं, तो यह स्वास्थ्य विभाग में विशेष तौर पर बच्चों के लिए खर्च करने रिसर्च करने और उन पर विशेष ध्यान देने में कोताही क्यों बरती जा रही है। यह तथ्य न सिर्फ चिंतनीय है बल्कि स्वास्थ विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी महिला तथा बालकों के विकास के लिए विशेष अभियान चलाकर उनके स्वास्थ्य की रक्षा हेतु निर्देशित किया है। वैश्विक आंकड़े भी यही बताते हैं कि बच्चों को जो कि किसी भी देश का भविष्य होते हैं कुपोषण से हर तरह से सुरक्षित किया जाना सुनिश्चित करना होगा ,अन्यथा ये कुपोषित बच्चे ही आगे चलकर देश के नागरिक नागरिक बनेंगे। ऐसे में आप स्थिति की कल्पना कर सकते हैं।

# नाम नहीं, काम की संस्कृति


विजय गर्ग

भारत बहुत प्राचीन देश है। यहां की सांस्कृतिक विविधता ही हमारी पहचान है। आजादी का शतकीय महोत्सव, जो हम वर्ष 2047 में मनाने वाले हैं, उसके लक्ष्य में भी यही इच्छा है कि भारत विकसित राष्ट्र बनने के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक गरिमा को बनाए रखकर विश्वगुरु की भूमिका निभाए। वर्तमान सरकार की भी यह घोषणा है कि अपने देश में जिस विकास की नींव हम रख रहे हैं, उसका सुफल हजारों वर्षों तक मिलेगा तथा हमारी सांस्कृतिक गरिमा और भव्यता बनी रहेगी। बहुत-सी बातें हैं जिनके बल पर हम इस दावे को प्रमाणित करना चाहते हैं। भारत एक युवा देश है और इसकी आधी आबादी कार्यशील उम्र अवधि में है। इसलिए अगर यह आधी आबादी काम पर या राष्ट्र निर्माण में लग जाए तो भारत को दूसरे देशों से आगे निकलने में देर नहीं लगेगी। मगर, हमारी अर्थव्यवस्था के प्रशस्ति गायकों का यह मत है कि हम दुनिया के विभिन्न देशों के मुकाबले काफी अच्छी स्थ में पहुंच गए हैं और अब जरूरत है अर्थव्यवस्था में कुछ और करने की। भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और आने वाले दिनों में इसके सुखद परिणाम सामने आएंगे।

अब देखना यह है कि विकसित भारत का सपना दिखाने वाले लोग क्या देश में काम की संस्कृति और राष्ट्र निर्माण के लिए अपने कर्त्तव्य का पालन कर रहे हैं। अभी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक सर्वेक्षण रपट आई है, जिसमें विभिन्न देशों की मेहनत वृत्ति या काम करने की अवस्था का आकलन किया गया है। इसमें कहा गया है कि भारत में कम से कम आधी आबादी काम के बजाय आराम करना पसंद करती है, क्योंकि मुफ्तखोरी और अनुकंपा संस्कृति का चलन बढ़ रहा है। एक और बात सामने आई है कि भारत में बहुत सारे लोगों की मेहनत को श्रेय या पारिश्रमिक ही नहीं मिलता है। जैसे महिलाएं इस देश की आबादी का करीब आधा हिस्सा हैं। इनमें से ज्यादातर की मेहनत को घर का सामान्य कामकाज ही समझा जाता है। इस काम के लिए उन्हें अलग से कोई नियत वेतन नहीं मिलता। ये महिलाएं दिनभर काम में व्यस्त रहने के बावजूद अपने लिए कोई अलग आर्थिक संबल प्राप्त नहीं कर पातीं। इसमें संदेह नहीं कि आज भी जो बेकारी के आंकड़े सामने आते हैं, उनमें ग्रामीण बेरोजगारी के बाद शहरी बेरोजगारी में भी वास्तविक अर्थों में कोई कमी होती नजर नहीं आ रही। चाहे औपचारिक घोषणाओं में हम यह कहते रहें कि हमने हजारों खाली पद भर लिए हैं, लेकिन प्रश्न यह नहीं है कि हमने कितने खाली पद भरे, बल्कि देश की युवा संतति के कामकाज के लिए कितनी नई कार्य व्यवस्थाएं सृजित की गई। देश के वार्षिक बजट में के आय-व्यय ब्योरे में हम कितनी उन नई योजनाओं की घोषणा कर पाए, जिनमें युवा पीढ़ी को काम मिले। बेशक बजट में और इसके बाद नेताओं के भाषणों में यह कहा जाता है कि देश मध्यम और लघु उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा, क्योंकि इनमें साधारण नागरिकों को रोजगार देने की क्षमता है। पिछले दिनों केंद्रीय गृहमंत्री ने भी एक वक्तव्य दिया कि देश में सहकारिता की भावना को विकसित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिल सके। लेकिन जब हम वास्तविकता का अवलोकन करते हैं तो पाते हैं कि मध्यम और कुटीर उद्योगों के विकास में भी बड़े पूंजीपतियों के निवेश का प्रवेश हो गया है, क्योंकि, सरकार की नीति निजी क्षेत्र को अधिक से अधिक प्रोत्साहन देने की है। सहकारिता आंदोलन के विकास के बारे में बहुत से औपचारिक बयान दिए जाते हैं, लेकिन असलियत यह है कि सहकारिता की भावना को किसी भी समर्पित स्तर पर देश में अपनाया नहीं जा सका है। न तो कृषि और न ही उद्यम क्षेत्र में देश में नवउद्यमों की बहुत बात होती है। नवउद्यम वे उद्योग हैं, जिनमें नए निवेशकों को काम करने का अवसर मिलता है और नवाचार या नव अन्वेषण को प्रोत्साहित किया जाता है। लेकिन नवउद्यमों का हाल भी बहुत अच्छा नहीं है। धनी लोग जो बैंकिंग सहायता से इन उद्योगों में में सक्रिय योगदान दे सकते अदान दे सकते हैं, उनकी भागीदारी कम हो रही है। कृत्रिम मेधा और डिजिटल क्षेत्र के विकास के साथ-साथ अल्प पूंजी वाले निवेशकों का फीसद इसमें कम होता जा रहा है। उधर, शुल्क संघर्ष में विदेशी व्यापार इस तरह से करवट बदलता नजर आ रहा है कि लगता है भारत के निवेशकों को लागत पूरा न होने और निर्यात घटने के संशय से औद्योगिक सक्रियता कम करनी होगी।

# आज का पीडीए फॉमूर्ला-1923 के अमानवीय कृत्य जैसा, लाल इश्तिहार-हिंदुओं का पतनः दिव्य अग्रवाल (लेखक व विचारक)

मुस्लिम गठजोड़ , दलित हिंदुओं का धर्मांतरण एवं हिंदुओं की हत्या यह देश के विभाजन से पहले भी हुआ उसी ढऊअ फामूर्ले का क्रियान्वन सत्ता पाने हेतु इंडी गठबंधन करने को तत्पर है। जिसको समझने के लिए गांधी जी की कांग्रेस और मुस्लिम लीग की आक्रामकता दोनों पर चर्चा आवश्यक है। एक तरफ मुस्लिम लीग जो द्वितीय विश्वयुद्ध के पश्चात अमेरिकी सेना के शस्त्रों को भारी मात्रा में क्रय कर मुस्लिमों को आक्रामकता हेतु प्रेरित कर रही थी तो भय से ग्रसित हिंदू समाज कांग्रेस को अपना प्रतिनिधित्व सौंप चुका था जिसमें कांग्रेस हिंदुओं को अहिंसा का पाठ पढ़ा कर उन्हें कुंठित कर रही थी जबकि मुस्लिम समाज कोलकाता, टिपड़ा, गढ़ मुक्तेश्वर, हजारा, रावलपिंडी, गुरुग्राम आदि क्षेत्रों में हिंदुओं का नरसंहार कर रहा था और कांग्रेसी हिंदू असहाय होकर मृत्यु को प्राप्त होने को मजबूर थे। लेकिन क्षेत्रीय स्तर पर कुछ हिंदू संगठन थे जिन्होंने अपनी रोटी सब्जी में भी कटौती कर शस्त्र एकत्रीकरण का कार्य किया था जिनसे वे अपने क्षेत्रों में काफी हद तक इस



नरसंहार को रोक पाए। 1906 में मुस्लिम लीग की स्थापना के पश्चात ₹लाल इश्तिहार₹ के पर्चो का वितरण हुआ, जिसमें लिखा था दलित हिंदुओं से कुछ मत खरीदो , उन्हें कम पर मत रखो, दलित हिन्दू जब भूखे मरेंगे तो शीघ्र ही मुसलमान बन जायेंगे और जो हिंदू मुसलमान नहीं बनेंगे उन्हें नरक भेज देंगे। मुस्लिम लीग कहती थी कि जो अछूत हिंदू हैं उन्हें इस्लाम में मिलाएंगे इसलिए उन हिंदुओं के साथ स्कूल में मत पढ़ो उनके द्वारा निर्मित किसी भी वस्तु को मत छुओ।सोचिए इस्लाम में हिंदुओ के एक समाज के प्रति इतनी घृणा की उन्हें अछूत मानकर उन्हें छूना तक मना था। 1923 में हिंदुओ की जनसंख्या 21 करोड़ थी जिसमें मुस्लिम लीग 7 करोड़ दलित हिंदुओ को अछूत मानती थी और उनका उद्देश्य उन्हें इस्लाम में परिवर्तित करना था मुस्लिम लीग मानती थी कि यदि ये 7 करोड़ दलित हिन्दू इस्लाम में आ गए तो हम 7 करोड़ मुसलमान मिलाकर हिंदुओ के बराबर हो जायेंगे और समूचे भारत भू भाग में इस्लामिक शासन घोषित करेंगे इस इस्लामिक मतांतरण और आक्रामकता से जगह जगह दंगे आरम्भ हुए, मौलाना मोहम्मद अली (खिलाफत आंदोलन का मुख्य सूत्रधार) जिसको कांग्रेस का अध्यक्ष भी बनाया उसने जगह जगह कहना शुरू किया कि हे मुस्लिमों यदि तुम व्यभिचारी और पतित भी हो तो भी गांधी और अन्य हिंदुओं से श्रेष्ठ हो। कांग्रेस में मुस्लिम चाटुकारिता इतनी बढ़ गई थी कि जो जितना कट्टर मुसलमान वह उतना बड़ा नेता जिसके चलते खिलाफत जैसे नरसंहार करवाने वाले कट्टर इस्लामिक नेता जैसे अबुल कलाम आजाद, मुहम्मद अली, एम ए अंसारी, हकीम अजमल तक को कांग्रेस ने समय समय पर अपना अध्यक्ष तक मनोनीत किया। कांग्रेस ने सत्ता पाने की लालसा में मुस्लिम श्रेष्ठता जैसे शब्द को भी स्वीकार किया जिसके चलते दिल्ली, अमेठी, सांभर, शाहजहांपुर, लखनऊ, इलाहाबाद, जबलपुर, नागपुर आदि में मुस्लिमों द्वारा की गई हिंदुओ की निर्मम हत्या पर भी कांग्रेस मौन ही रही।

जिन्ना जो कि यह समझ चुका था कि कांग्रेस सत्ता पाने के लिए हिंदू हितों का बलिदान करने को तत्पर है उसने खिलाफत आंदोलन के नेताओं को अपने में समाहित करना आरम्भ कर दिया। परिणाम हिन्दू भुगत रहा था बाराबंकी और बरेली में तो भगवान की कथा और होली पर रंग डालना तक इस्लामिक ताकतों ने बंद करवा दिया था। महर्षि दयानंद की सत्यार्थ प्रकाश भी प्रतिबंधित कर दी गई। इस्लामिक समाज की आक्रामकता डायरेक्ट एक्शन डे पर कहर बनकर हिंदुओं पर टूटी, मुंबई , बंगाल में भयंकर रक्तपात किया गया न जाने कितनी ही द्रौपदियों का चीरहरण हुआ न जाने कितनी ही पद्मावती का जौहर हुआ। असंख्य हिंदू महिलाओं का सड़कों पर सामूहिक बलात्कार कर हत्या कर दी गई। लगभग 20 लाख से ज्यादा हिंदू जिनमें दलित हिन्दू समाज की अधिकतम संख्या, इस्लामिक जिहाद द्वारा दुर्गति को प्राप्त हुए।

बिहार जहां हिंदुओ ने सशस्त्र मुकाबला किया वहां हिंदुओं का नुकसान कम हुआ लेकिन अंततः कांग्रेस की इस्लामिक श्रेष्ठता और सत्ता पाने के लालच में नुकसान सिर्फ हिंदुओं का हुआ मुसलमानों को पाकिस्तान भी मिला और कांग्रेस ने सत्ता पाने के साथ साथ भविष्य का वोट बैंक निर्मित करने हेतु मुसलमानों की बहुत बड़ी संख्या को हिंदुस्तान में ही रोक लिया जिसका विरोध दलित हिन्दू समाज के सर्वश्रेष्ठ नेता एवं संविधान निमार्ता बाबा साहेब ने जमकर विरोध किया उनका मानना था कि की यदि अब एक भी मुसलमान भारत में रोका गया तो पुनः वह समय आएगा जब हिंदू समाज और राष्ट्र को मजहबी जिहाद की चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

इसलिए बाबा साहेब ने संविधान में भारत को कभी धर्मनिरपेक्ष और समाजवाद राष्ट्र की संज्ञा नहीं दी। अब भारत के हिंदुओं को सोचना चाहिए कि कांग्रेस और उसके साथी तब भी हिंदुओ के दुश्मन थे और आज भी जो इंडी गठबंधन का ढऊअ फॉमूर्ला है उसमें दलित हिन्दू समाज के लोगों को भ्रमित कर सत्ता पाना चाहते हैं जबकि प्रतिदिन कोई न कोई घटना निरंतर ऐसी हो रही है जिसमें दलित हिन्दू समाज का उत्पीड़न मजहबियों द्वारा किया जाता है पर इंडी गठबंधन और उसका ढऊअ फॉमूर्ला मुस्लिमों के विरुद्ध कुछ नहीं बोल पाता। इसलिए इतिहास से भविष्य का आकलन करना आवश्यक है।

# अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के तत्वावधान में धूमधाम से मनाया जायेगा चक्रवर्ती गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज का जन्मोत्सव

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**बिजनौर।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा पंजीकृत (स्थापित-1908) के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रचार मंत्री डॉ० मनोज कुमार कटारिया ने जानकरी देते हुए बताया कि चक्रवर्ती गुर्जर सम्राट मिहिर भोज जी की जयन्ती भादों माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया को हर वर्ष मनायी जाती हैं। लेकिन इस वर्ष भादों माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया 26 अगस्त 2025, दिन मंगलवार को पड़ रही हैं।इसलिए पूरे देश में गुर्जर सम्राट मिहिर भोज जी की जयन्ती 26 अगस्त, दिन मंगलवार को धूमधाम से मनायी जायेंगी।

जनपद निवासी एवं गुर्जर महासभा के वरिष्ठ नेता डॉ० एमके कटारिया ने गुर्जर समाज से चक्रवर्ती गुर्जर सम्राट मिहिर भोज जी की जयन्ती 26 अगस्त 2025, दिन मंगलवार को अपने-अपने क्षेत्र में हर्षोल्लास एवं धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाने की अपील करते हुए कहा कि चक्रवर्ती गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज जी के जन्मोत्सव का प्रचार-प्रसार करने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से समाज में जनजागरण अभियान चलायें, जिससे समाज अपने पूर्वजों एवं महापुरुषों के गौरवशाली इतिहास से रूबरू होकर समाजहित में एकजुटता से काम कर सकें। डॉ० मनोज कटारिया ने बताया कि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक पुरूषोत्तम पाटील एवं राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बच्चूसिंह बैंसला ने अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के समस्त राष्ट्रीय, प्रदेशीय, क्षेत्रीय एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों से अपने- अपने क्षेत्र में भव्य एवं गरिमामयी समारोह आयोजित कर चक्रवर्ती गुर्जर सम्राट मिहिर भोज की जयन्ती धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाने का आहवान किया हैं। राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रचार मंत्री डॉ० मनोज कटारिया ने कहा कि विभिन्न राजनैतिक दलों में कार्य करने वाले समाज के बड़े नेताओं को 26 अगस्त मंगलवार के दिन गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिरभोज जी की जयंती बड़े स्तर पर मनानी चाहिए। लेकिन समाज के कई राजनैतिक नेता ऐसा बिल्कुल नहीं करेंगे, क्योंकि कहीं उनके राजनैतिक आका नाराज न हो जाएं। परन्तु ये नेतागण अपने -अपने राजनैतिक दलों में कोई पद या टिकट पाने के लिए तो समाज की दुहाई देते है। लेकिन जब गुर्जर समाज के महापुरुषों के सम्मान की कोई बात आती है, तो पीछे हट जाते हैं।इसलिए गुर्जर समाज को ऐसे नेताओं पर भी नजर रखनी चाहिए।



# अंश डबास ने कजाकिस्तान में निशानेबाजी में जीता गोल्ड मेडल

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर :** अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एकाग्रचित्त होकर कड़ी मेहनत और परिश्रम किया जाए तो बड़े से बड़ा काम भी आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। ऐसा ही एक ताजा उदाहरण पेश किया है नूरपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव शादीपुर मिलक निवासी अंश डबास पुत्र संजीव डबास ने।

अंश डबास का शूटिंग का सफर आर आर पब्लिक स्कूल व किसान शूटिंग रेंज से शुरू हुआ जंहा प्रबंधक मनुजेन्द्र गुप्ता व प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता के प्रोत्साहन से और कोच आकाश कुमार के प्रशिक्षण में अंश लगातार जिला, मण्डल, प्रान्त व राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन करते रहे।उसके बाद अलवर राजस्थान में कोच परिविन्दर सिंह व नेशनल शूटिंग एकेडमी दिल्ली में कोच दीक्षान्त की देखरेख में लक्ष्य को कैसे हासिल किया जाता है सीखा। उनके सफल होने जिला राइफल ऐसोसिएशन के खान जफर सुल्तान, ताजपुर के एम पी सिंह आदि का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कजाकिस्तान में चल रहे यूथ गेम्स में 10 मीटर राइफल शूटिंग में भारत की ओर से खेलते हुए जनपद के लाल अंश डबास ने शानदार प्रदर्शन कर 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग में भारत के लिए दो पदक एक स्वर्ण पदक और एक कांस्य पदक अपने देश के लिए जीतकर देश का नाम रोशन किया। अंश डबास के पिता विवेकानन्द दिव्य भारती के नूरपुर विकास खण्ड के अध्यक्ष व आर आर पब्लिक स्कूल में फिजिकल के अध्यापक हैं। एक मध्य वर्गीय आय वाले संजीव डवास ने अपना तन मन धन अंश की कामयाबी में लगा कर हर सुविधा देने का प्रयास किया ऐसा समर्पण बहुत कम देखने को मिलता है।

# आवारा सांड ने हमला कर उतारा मौत के घाट

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद निराश्रित पशु के हमले से भाजपा बूथ अध्यक्ष की हुई दुखद मृत्यु नजीबाबाद विधानसभा के गजरौला पाईमार मंडल समीपुर शक्ति केंद्र के 173 के बूथ अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार शर्मा को एक निराश्रित पशु सांड के द्वारा हमला किया गया जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए उपचार हेतु उन्हें समीपवर्ती सरकारी अस्पताल ले जाया गया लेकिन अत्यधिक चोट लगने के कारण उनकी दुखद मृत्यु हो गई उनकी दुखद मृत्यु का समाचार मिलते ही भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष वरुण आत्रेय, जिला मंत्री बलराज त्यागी वरिष्ठ नेता चौधरी ईशम सिंह,डा रितेश सैन, अरविन्द विश्वकर्मा, शक्ति केंद्र संयोजक सरदार सुभाष सिंह, विपिन शर्मा, दिवाकर शर्मा आदि घटना स्थल पर पहुंचे इसकी सूचना उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, खंड विकास अधिकारी, प्रभारी निरीक्षक नजीबाबाद राहुल सिंह,उप निरीक्षक कय्यूम अली पुलिस फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और ग्रामीण एवं पशुपालन विभाग के सहयोग से निराश्रित आक्रमणकारी पशु को पकड़ कर गौशाला भिजवाया पीड़ित



परिवार को सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन उप जिलाधिकारी महोदय ने भाजपा नेताओं की उपस्थिति में पीड़ित परिवार एवं ग्राम वासियों को नियम अनुसार सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया उसके उपरांत मृतक सुरेन्द्र कुमार शर्मा के पार्थिव शरीर को आवश्यक कार्रवाई करके पोस्टमार्टम करने के लिए बिजनौर भेज दिया उपस्थित ग्राम एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने इस घटना पर गहरा दुःख प्रकट किया इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष वरुण उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि सुरेंद्र शर्मा बहुत ही निष्ठावान भाजपा कार्यकर्ता थे उन्होंने अपने पीछे एक पुत्र अतुल कुमार शर्मा और तीन पुत्रियों को छोड़ा है दुख की इस घड़ी में पूरा भाजपा परिवार उनके साथ है

# थैलेसीमिया मुक्त बिजनौर अभियान को लेकर जिला प्रशासन गंभीर

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**बिजनौर।** थैलेसीमिया मुक्त बिजनौर अभियान को लेकर जिला प्रशासन गंभीर होता नजर आ रहा है। जिलाधिकारी के निर्देश पर ज्वाइंट कमिश्नर ने अभियान में लगी टीम से साथ बैठक की और थैलेसीमिया मरीजों को लेकर लंबी चर्चा की। उन्होंने जल्द ही संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर थैलेसीमिया मरीजों के हित में अधिक से अधिक कार्य करने का भरोसा दिलाया।थैलेसीमिया एक ऐसी गंभीर बीमारी है, जिससे ग्रसित मरीज तो परेशान होता ही है बल्कि उसके पूरे परिवार को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। जनपद में थैलेसीमिया मरीजों को शासन से मिलने वाली अधिकांश सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही थी। थैलेसीमिया मरीजों की समस्या को देखते हुए वरिष्ठ पत्रकार अवनीश गौड़, हिंदू ब्लड बैंक सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक राहुल राजपूत व रक्तदान महादान ब्लॉक नजीबाबाद टीम के अध्यक्ष हाजी फहीम के नेतृत्व में थैलेसीमिया मुक्त बिजनौर अभियान की



शुरूआत की गई। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न समाजसेवी और संगठनों से सहायता मांगी गई, वहीं अधिकारियों से संपर्क साधकर उन्हें थैलेसीमिया मरीजों की पीड़ा बताई गई। 2 दिन पूर्व टीम ने जिलाधिकारी जसजीत कौर से मुलाकात कर उन्हें थैलेसीमिया बच्चों का दर्द सुनाया था तथा सरकार से मिलने वाली सुविधाए मरीज तक न पहुंचने के बारे में बताया था। इतना ही नहीं टीम की ओर से जिलाधिकारी के समक्ष कई ऐसे बिंदु रखे गए थे जो जिला स्तर पर पूरे किए जा सकते हैं। डीएम ने इस मामले को गंभीरता से लिया और जनपद में ट्रेनिंग पर आए आईएएस कुणाल रस्तोगी को इस मामले की कमान सौंप दी। डीएम के निर्देश पर इस कुणाल रस्तोगी ने थैलेसीमिया मुक्त बिजनौर अभियान की टीम से संपर्क साधा और आज शुक्रवार को अपने कार्यालय ब्लॉक परिसर हल्दौर में विस्तृत चर्चा की। टीम ने श्री रस्तोगी को सरकार से मिलने वाली उन तमाम योजनाओ के बारे में बताया, जो जनपद में थैलेसीमिया मरीजों तक नहीं पहुंच पा रही है। टीम ने थैलेसीमिया मरीजों को नियमानुसार निजी ब्लड बैंक से भी निशुल्क ब्लड उपलब्ध कराने, विशेष शिविर लगाकर विकलांग सर्टिफिकेट बनवाने, जिला अस्पताल में अलग वार्ड बनवाने, जिला अस्पताल में लिको फिल्टर तथा दवाइयां उपलब्ध कराने आदि की मांग रखी। श्री रस्तोगी ने सीएमओ तथा अन्य संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर थैलेसीमिया मरीजों को उन सभी सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने का भरोसा दिलाया, जिनके वे पात्र है। साथ ही जिला स्तर पर जो अन्य सहयोग भी थैलेसीमिया मरीजों को किया जा सकते हैं, वह भी करने का भरोसा दिलाया। टीम ने जिलाधिकारी तथा ज्वाइंट कमिश्नर का आभार जताया। मीटिंग मे इतिहासकार तैय्यब अली, अवनीश गौड़, राहुल राजपूत, संजीव शर्मा, नितिन चंद्रा, जुनैद अंसारी, कासिम खान, हाजी फहीम अख्तर, सारिक खान, राहुल कुमार, अबरार अहमद आदि शामिल है।

# पीयूष अरोड़ा को सनातन रक्षा वाहिनी प्रकोष्ठ का प्रदेश मंत्री मनोनीत किया

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**चांदपुर :** विश्व हिंदू महासंघ की सनातन रक्षा वाहिनी प्रकोष्ठ का चांदपुर निवासी पीयूष अरोड़ा को प्रदेश मंत्री नियुक्त किया गया। पीयूष अरोड़ा लगभग 9 वर्ष से विश्व हिंदू महासंघ में सक्रिय हैं पीयूष अरोड़ा को यह प्रदेश मंत्री का दायित्व विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति, सनातन रक्षा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी हरि नारायण महाराज एवं मंडल मुरादाबाद प्रभारी प्रदीप शर्मा की सहमति से हुआ। पीयूष अरोड़ा को मंत्री का दायित्व मिलने पर



उनके प्रशंसकों मैं खुशी की लहर दौड़ गई और बधाई देने वालों का तांता लग गया। सनातन रक्षा वाहिनी प्रकोष्ठ के प्रदेश मंत्री पीयूष अरोड़ा ने अपने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

# पूर्व केन्द्रीय मंत्री चौधरी बीरेन्द्र सिंह व पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह 24 अगस्त को हांसी में कांग्रेस जन अभियान के तहत एक कार्यकर्ता बैठक को करेंगे संबोधित - गायत्री देवी

**वेलकम इंडिया**

**हांसी। मनमोहन शर्मा** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह व पूर्व सांसद पूर्व आई ए एस बृजेंद्र सिंह राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन विदेश विभाग राष्ट्रीय कांग्रेस, 24 अगस्त रविवार को हांसी की जाट धर्मशाला में कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करेंगे। यह जानकारी कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेत्री गायत्री देवी, प्रदेश संगठन सृजन ऑब्जर्वर हरियाणा ने दी। गायत्री देवी ने बताया कि राहुल गांधी जी के कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के निर्देशों के तहत पार्टी को संगठनात्मक रूप से मजबूत करने व लोगों की आवाज को बुलंद करने की दिशा में एक कदम है। इस अभियान का उद्देश्य पार्टी कार्यकताओं को सक्रिय करना और जनता के साथ गहरा जुड़ाव स्थापित करना है। उन्होंने बताया कि बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री श्री अतर सिंह सैनी जी करेंगे। इस बैठक में अनेक मुद्दों पर चर्चा होगी। संगठनात्मक सशक्तिकरण के तहत पार्टी को मजबूत करने और कार्यकताओं को जवाबदेही के साथ सशक्त बनाने के तरीकों पर चर्चा की जाएगी। स्थानीय मुद्दों और समस्याओं पर चर्चा और उनके समाधान के लिए रणनीति बनाई जाएगी। गायत्री देवी ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी की मूल विचार धारा, सामाजिक न्याय, समावेशिता, और जन-केंद्रित विकास के मुद्दो पर भी विचार किया जाएगा। यह बैठक कांग्रेस पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे पार्टी को बूथ व स्थानीय स्तर पर मजबूत किया जा सके और जनता के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जाए। इस बैठक में कांग्रेस पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता भी भाग लेंगे और अपने विचार रखेंगे।



# जिला अस्पताल में आक्सीजन की किसी प्रकार की कोई कमी न कभी थी और न रहेगी: डा. डीके वर्मा

**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** जिला अस्पताल के सीएमएस डा. डीके वर्मा ने कहा कि रामपुर जिला अस्पताल में आक्सीजन के लिए 133 आक्सीजन कंसनरेटर क्रियाशील हैं जिनमें मरीजों को आक्सीजन निरंतर प्रदान की जा रहीं हैं। इसके अलावा जिला अस्पताल में आक्सीजन के बड़े सिलेंडर 112 हर समय उपलब्ध हैं साथ ही छोटे आक्सीजन सिलेंडर 68 पूरी तरह उपलब्ध हैं।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. डीके वर्मा ने बताया कि जिला अस्पताल में आक्सीजन की किसी प्रकार की कोई कमी न कभी थी और न रहेगी। डा. डीके वर्मा ने बताया कि कोई भी मशीन किसी भी समय खराब हो सकती हैं इस तरह प्लांट भी बीते दिनों अचानक खराब हो गया था।




सीएमएस के मुताबिक उपकरण एजेंसी साइरिक्स द्वारा प्लांट की जांच के बाद आक्सीजन प्लांट का सर्वो खराब हैं जिसका तत्काल वर्क आर्डर संबंधित एजेंसी को दे दिया गया हैं जो शीघ्र ठीक करा दिया जायेगा। इस का स्टेपलर जल्दी ठीक कराया जायेगा। सीएमएस ने बताया कि इस समय कोई ऐसी बीमारी भी नहीं हैं जिसकी वजह से मरीजों को आक्सीजन की जरूरत पेश आये। इसके बावजूद भी जिला अस्पताल में हर समय आक्सीजन उपलब्ध हैं। टीबी और सांस रोगियों के लिए आक्सीजन मौजूद हैं।

# धामपुर तहसील की अल्हैपुर पंचायत स्थित प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्र की अनदेखी का आखिर कौन जिम्मेदार

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**धामपुर।** अल्हैपुर पंचायत के अंतर्गत सरकार द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जच्चा बच्चा केंद्र की सुविधा दी गई है। जहां पर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलता था। वही स्थानीय जिम्मेदार अधिकारियों की नाक के नीचे धामपुर स्वस्थ विभाग के उच्चाधिकारियों की मनमानी के चलते ग्रामीण अब सरकारी सेवाओं से वंचित है और सरकारी इलाज की सुविधा के लिए उन्हें काफी दूर चलकर आना पड़ता है। वही जच्चा बच्चा उपकेंद्र अल्हैपुर अपने साथ हुई नाइंसाफी को अपनी बदहाली सूरत के रूप में चीख चीखकर कह रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार पिछले कई वर्षों से मेंटेनेंस एवं समुचित रखरखाव न होने के चलते एवं स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों की अनदेखी के चलते हैं अच्छा खासा बच्चा उप केंद्र अल्हैपुर आज अपनी बदहाली पर आसू बहा रहा है।




ग्रामीण आंचल में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बंद हो जाने से गांव की जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जच्चा बच्चा केंद्र अल्हैपुर पर इलाज न मिलने से अपने गांव से काफी अधिक दूरी पर अस्पताल पहुंच कर जाना पड़ता है जिससे समय के साथ काफी रुपया भी खर्च हो जाता है। वही जिम्मेदार अधिकारियों की घोर लापरवाही भी इस दुर्दशा का मुख्य कारण है।

# अरशद गुड्डू जैसे जमीनी नेता की कमी हमेशा खलती रहेगी प्रमिल कुमार शर्मा

**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** कांग्रेस पार्टी के समर्पित नेता एवं समाजसेवी स्व. अरशद अली खां गुड्डू की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके निवास कूंचा काजी पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा ने कहा ह्लअरशद गुड्डू जैसे जमीनी नेता की कमी हमेशा खलती रहेगी। उन्होंने गरीबों की मदद बिना किसी दिखावे के की और यही उनकी सच्ची पहचान हैं। एआईसीसी सदस्य मुतिउर रहमान ने कहा गुड्डू खां ने सामाजिक और राजनीतिक जीवन में ईमानदारी व निष्ठा से काम किया। उनकी सेवाओं को भुलाया नहीं जा सकता। शहर कांग्रेस अध्यक्ष बाकर अली खां उर्फ हारून खां ने कहा गुड्डू खां पार्टी और समाज के सच्चे सेवक थे। उनकी कमी कांग्रेस परिवार के लिए अपूरणीय हैं। कांग्रेस के जिला महासचिव एवं मीडिया कोऑर्डिनेटर उमेश दुबे ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा मौत तो सबको आनी हैं लेकिन असली शोहरत वही है जिसकी कमी खल जाए। इस मौके पर शारिब खान, नोमान खां, यासिर शाह खां, शकील मंसूरी, मोज्जम अली खां, प्रेम कुमार रस्तोगी, अशुतोष रस्तोगी, जहांगीर खां, शोएब, मुमताज अहमद, सलीम अहमद, फईम पहलवान, शन्नो खां, अल्पसंख्यक शहर, वारिस मियां जुनैद कमाल, अकबर अली खां, शावेज खां आदि मौजूद थे।




# विकासखंड ग्राम पंचायत सहायक ने कार्य करने से हाथ खड़े कर दिए

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर के नजीबाबाद विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सहायकों ने एग्रीस्टेक डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य करने से हाथ खड़े कर दिए हैं और इस कार्य से उन्हें मुक्त किए जाने की मांग की है, इसी को लेकर बड़ी संख्या में पंचायत सहायक शुक्रवार को नजीबाबाद खंड विकास कार्यालय पर पहुंचे जहा उन्होंने बीडीओ से मुलाकात की, पंचायत सहायकों ने दुखी मन से अपना दुखड़ा बीडीओ को सुनाते हुए कहा कि लेखपालों व अन्य विभागों का कार्य पंचायत सहायकों से कराया जा रहा है, एग्रीस्टेक क्रॉप सर्वे कृषि विभाग का है, जिसे जबरन पंचायत सहायकों पर थोपा जा रहा है, पंचायत सहायक जंगल व खेतों में नहीं जा सकते, वहा जंगली जानवरों का भी खतरा है, सर्वे के दौरान कुछ अनहोनी होने पर सरकार द्वारा कुछ भी देय नहीं है, उपरोक्त परेशानियों को देखते हुए सर्वे के कार्य से मुक्त किया जाए, पंचायत सहायकों ने सर्वे के कार्य को अपने कार्यक्षेत्र से बाहर बताया और इसे असंवैधानिक करार देते हुए इससे मुक्त किए जाने की मांग की। पंचायत सहायकों का छह हजार मानदेय है, जिसमे गुजरा नहीं हो रहा है जिसे बढ़ाया जाए, पंचायत सहायकों ने एक ज्ञापन बीडीओ को भी सौंपा। ज्ञापन देने वालो में बड़ी संख्या में पंचायत सहायक मौजूद रहे।



# जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने राधाष्टमी पर्व 2025 की तैयारियों के संबंध में अधीनस्थ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बरसाना स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन सभागार में श्री राधाष्टमी पर्व 2025 की तैयारियों के संबंध में अधीनस्थ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि कान्हा के जन्मोत्सव के बाद एजे राधारानी जी के जन्मोत्सव को लेकर प्रशासन अलर्ट है। श्री राधा जन्मोत्सव को लेकर बरसाना को छह जोन व 16 सेक्टरों में बांटा गया है। इस बार एकल मार्ग के चलते श्रद्धालुओं की भीड़ को राधारानी मंदिर की सुदामा चौक की सीढ़ीयों से प्रवेश कराया जाएगा। वहीं जयपुर मंदिर मार्ग से श्रद्धालुओं को उतारा जाएगा। दिनांक 30 से 31अगस्त2025 तक श्रीराधा जन्मोत्सव मनाया जायेगा।इस पर्व का मुख्य कार्यक्रम बरसाना स्थित श्री लाडली जी मंदिर में होगा। इस दौरान लाखों की संख्या में श्रद्धालु श्री लाडली जी मंदिर, बरसाना पहुँचेंगे।इस दौरान 30 अगस्त की सुबह से ही श्रद्धालुओं को कस्बे के सुदामा चौक की पुरानी सीढ़ीयों से प्रवेश कराया जाएगा। वहीं जयपुर मंदिर मार्ग से उन्हें नीचे उतारा जाएगा। मेला क्षेत्र में 50 पार्किंग स्थल बनाए गए है तथा 88 बैरियर लगाए जाएंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि मेला के दौरान हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए 160 स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। श्री राधाष्टमी महोत्सव के दौरान रोप वे श्रद्धालुओं के लिए चालू रहेगा। सभी श्रद्धालु बड़ी परिक्रमा करेंगे तथा दर्शन करने वाले व परिक्रमा लगाने वाले सभी श्रद्धालुओं का प्रवेश नए बस स्टैंड से होते हुए राधारानी मंदिर गेट से रहेगा। अभिषेक के दर्शन करीब एक घंटे तक श्रद्धालुओं को कराए जाएंगे। करीब सोलह घंटे तक राधारानी मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खुला रहेगा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि परिक्रमा लगाने वाले तथा दर्शन करने वाले सभी श्रद्धालुओं को नया बस स्टैंड होते हुए राधारानी मंदिर गेट पीली कोठी तिराहा से प्रवेश कराया जाएगा। इस दौरान छोटी परिक्रमा बंद रहेंगी। सभी श्रद्धालु बड़ी परिक्रमा लगाएंगे। वहीं रोप वे का संचालन रहेगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि इस बार चप्पे चप्पे पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। सभी पुलिस कर्मियों का व्यवहार श्रद्धालुओं के प्रति विन्रम रखने के निर्देश दिए गए हैं। मंदिर रिसीवर सुशील गोस्वामी, आशीष शर्मा, मधुमंगल गोस्वामी, डॉक्टर यज्ञ पुरुष गोस्वामी विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने मंदिर संबंधी सभी व्यवस्थाओं की जानकारी दी और बताया कि इस बार मंदिर का दो दिन लाइव स्ट्रीम से श्री राधा जन्मोत्सव महोत्सव का प्रसारण मंदिर की वेबसाइट पर किया जाएगा। जिलाधिकारी ने पार्किंग व्यवस्थाओं को मेला से पूर्व सुदृढ़ कराने के निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी गोवर्धन मौके पर जाकर समस्त पार्किंगों का निरीक्षण कर लें। प्रत्येक मार्ग पर पर्याप्त पार्किंग स्थलों हेतु समुचित व्यवस्थायें करे, सभी पार्किंग स्थलों का समय से अनुबंध निष्पादित कराना सुनिश्चित करें, उनकी समतलीकरण, साइन बोर्ड, रेट लिस्ट, प्रकाश, पेयजल, सफाई, जन सुविधायें, मोबाइल टायलेट, पी०ए० सिस्टम, सामान घर, जूता घट, जनरेटर आदि की समस्त व्यवस्थायें सुनिश्चित करें।

# नकबजनी की वारदात का पुलिस ने 24घंटे में किया खुलासा

असदुल्लाह सिद्दीकी



**सिद्धार्थनगर।** खेसरहा थाना क्षेत्र में हुई नकबजनी की वारदात का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर दिया। पुलिस ने दो सक्रिय नकबजनों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी गया सोने-चांदी का सामान और नकदी बरामद की। शुक्रवार को एडिशनल एसपी प्रशांत कुमार प्रसाद ने मामले का खुलासा किया। शिकायत के बाद सक्रिय हुई पुलिसग्राम सुपौली निवासी एक व्यक्ति ने 21 अगस्त को पुलिस को तहरीर दी थी कि 19/20 अगस्त की रात अज्ञात चोरों ने उसके मकान और दुकान का पीछे का दरवाजा तोड़कर नकदी और गहने चोरी कर लिए। मामले में मुकदमा दर्ज होते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी।एडिशनल एसपी ने बताया कि सुरागरसी और मुखबिर की सूचना पर पुलिस को पता चला कि चोरी में ग्राम सुपौली निवासी सरताज खां (33) और विकास शर्मा (21) शामिल हैं। पुलिस टीम ने बजरंग तिराहे के पास घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने वारदात की बात स्वीकार कर ली। उनकी निशानदेही पर चोरी गया सामान भी बरामद हुआ। बरामदगी पुलिस ने आरोपियों के पास से दो कान के झाले (पीली धातु), एक मंगलसूत्र (पीली धातु), 200 रुपए नकद बरामद किए। एडिशनल एसपी के अनुसार दोनों आरोपी पहले से ही आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहे हैं।सरताज खां पर 2024 में आबकारी एक्ट और चोरी का मुकदमा दर्ज हुआ था। विकास शर्मा पर 2023 में आर्म्स एक्ट का केस दर्ज है। पुलिस टीम की सराहना गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक चन्द्रिका प्रसाद मौर्या, हेड कॉन्स्टेबल सत्येन्द्र सिंह, जालंधर प्रसाद, आरक्षी दीपक गौड़ और अरुण पांडे शामिल रहे। एडिशनल एसपी ने कहा कि टीम की तत्परता और समन्वय के चलते घटना का खुलासा बेहद कम समय में संभव हुआ।

# शिक्षाविद् डॉ. निशा अग्रवाल एवं डॉ. निक्की शर्मा को नेपाल में मिलेगा शार्क प्राइड अवॉर्ड 2025






डॉ. शंभू पंवार

**नई दिल्ली।** शिक्षा जगत एवं साहित्य क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए शिक्षाविद् एवं पाठ्यपुस्तक लेखिका डॉ. निशा अग्रवाल तथा वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर, प्रख्यात साहित्यकार एवं लेखिका डॉ. निक्की शर्मा को इस वर्ष शार्क प्राइड अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया जाएगा। बुद्धिस्ट वर्ल्ड पीस फाउंडेशन के अध्यक्ष लामा गयाचों रिनपोछे ने बताया कि यह भव्य समारोह 24 अगस्त को नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित होगा।इस अवसर पर मुख्य अतिथि नेपाल के प्रधानमंत्री प्रकाश मान सिंह एवं कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व उपराष्ट्रपति परमानन्द झा द्वारा दोनों विभूतियों को यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। डॉ. निशा अग्रवाल ने शिक्षा के विविध क्षेत्रों में अब तक 22 से अधिक पुस्तकों की रचना की है। इनमें सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 3 से 5 तक की अंग्रेजी एवं विज्ञान की पाठ्यपुस्तकें, यूपी बोर्ड के लिए हिंदी विषय की सामग्री, साथ ही साहित्य, योग शिक्षा, बाल शिक्षा, शिक्षा का बदलता स्वरूप, नवाचार एवं तकनीक आधारित शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ग्रंथ शामिल हैं। वहीं, वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर साहित्यकार एवं समाजसेविका डॉ. निक्की शर्मा को साहित्य सृजन और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए इस अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।

# संत माधव दास महाराज के नेतृत्व में 84 कोस यात्रा पहुंची अडींग गांव, श्रद्धालुओं ने किया साधु-संतों का स्वागत

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** शुक्रवार को हजारों वर्षों से सनातन परंपरा में चली आ रही ऐतिहासिक 84 कोस की परिक्रमा यात्रा संत माधव दास महाराज के नेतृत्व में गोवर्धन क्षेत्र के अडींग गांव पहुंची। यह यात्रा धर्म, आस्था और संस्कृति का अद्भुत संगम मानी जाती है, जिसमें देशभर से हजारों श्रद्धालु, साधु-संत, और भक्तजन शामिल होते हैं। गांव अडींग में यात्रा के स्वागत हेतु विशेष तैयारियां की गईं। ग्रामवासियों ने श्रद्धा और उल्लास के साथ साधु-संतों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर भूपेंद्र सोनी, दीपचंद सोनी, गोकुलेश सोनी सहित समस्त सोनी परिवार ने ग्रामीणों के सहयोग से यात्रा में पधारे साधु-संतों के लिए भंडारे (प्रसादी) का आयोजन किया। हजारों साधु-संतों ने प्रेमपूर्वक प्रसादी ग्रहण की। संत माधव दास महाराज ने इस अवसर पर कहा कि 84 कोस की यात्रा केवल शारीरिक परिक्रमा नहीं, बल्कि आत्मिक शुद्धि और लोककल्याण की भावना से प्रेरित होती है। यह परिक्रमा हमें हमारे धर्म, संस्कृति और जीवन के मूल्यों की स्मृति दिलाती है। गांववासियों का उत्साह देखते ही बनता था। युवाओं से लेकर वृद्धजनों तक सभी ने परिक्रमार्थियों की सेवा को अपना सौभाग्य माना। जगह-जगह जलपान, विश्राम और सेवा केंद्र स्थापित किए गए।

# आकाशीय बिजली की चपेट मे आने से युवक की मौत

संजीव कुमार गुप्ता



**खुनियांव/सिद्धार्थनगर।** विकास खंड खुनियाँव के ग्राम पंचायत धौरहरा में शुक्रवार को एक दुखद घटना सामने आई। आकाशीय बिजली गिरने से 39 वर्षीय व्यापारी की मौत हो गई।

मृतक की पहचान ग्राम पंचायत धौरहरा मय प्रसादी खात बनरीजोत निवासी भालचंद्र उर्फ. साहू यादव के रूप में हुई। वह राम तीरथ यादव के पुत्र थे। भालचंद्र फुलकी पानी का व्यवसाय करते थे। घटना उस समय हुई जब वह रोज की तरह अपनी दुकान लेकर हथिवा बाजार जा रहे थे। अमहवा गांव के पास अचानक आकाशीय बिजली गिरी। बिजली की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत प्रशासन को इस घटना की जानकारी दी। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से पूरे परिवार में शोक की लहर है।

# एडवोकेट के.पी. बसपा जिला अध्यक्ष हापुड़ नियुक्त,लंबे अरसे बाद हापुड़ को मिला नया अध्यक्ष

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** मिशन 2027 की तैयारी को लेकर बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री कु० मायावती के आदेश पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पश्चिम प्रदेश नौशाद अली,पूर्व विधायक व पूर्व मंत्री की संस्तुति पर जिला कमेटी का गठन कर हापुड़ के आवास विकास कॉलोनी निवासी एडवोकेट के.पी. सिंह को हापुड़ का नवनियुक्त बसपा जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है साथ ही गढ़मुक्तेश्वर निवासी देवेंद्र भारती पूर्व जिला अध्यक्ष को मेरठ व सहारनपुर मंडल का प्रभारी नियुक्त किया गया। आपको बता दें लंबे अरसे बाद हापुड़ जिले की कमान एक नये चहरे को मिली। वहीं नवनियुक्त बसपा जिला अध्यक्ष की घोषणा के बाद सूचना मिलते ही पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी और एडवोकेट के.पी. सिंह के आवास पर पहुंचकर कार्यकर्ता व पदाधिकारीयों के साथ उनके चाहने वालों ने फूल माला पहनकर स्वागत कर मान्यवर काशीराम के चित्र की प्रतिमा भटे की। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष एडवोकेट केपी सिंह ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते बसपा सुप्रीमो बहन कुमारी मायावती, पार्टी के सभी वरिष्ठ एवं उच्च पदाधिकारीयों को धन्यवाद करते हुए मीडिया से बताया कि बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती ने मुझ पर भरोसा जताते हुए जो मुझे जिले की कमान सौंपी है उसे मैं ईमानदारी के साथ निष्ठा पूर्वक काम करते हुए बसपा का प्रचार प्रसार कर लोगों को पार्टी से जोड़ने के साथ पार्टी को मजबूत करने का काम करूंगा। इसके अलावा कमेटी में जिला प्रभारी की जिम्मेदारी विनोद कार्तिक, नईम सिद्दीकी को हापुड़ सदर विधानसभा उपाध्यक्ष व जोनी जाटव को विधानसभा महासचिव मनोनीत कर आदि लोगों को भी दी गई है।

# भाजपा नेता के आवास पर विधान परिषद सदस्य/खजिलाध्यक्ष का हुआ स्वागत



संदीप तिवारी। वेलकम इंडिया

मिजार्मुराद वाराणसी में भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य उपेंद्र प्रताप सिंह के आवास पर भाजपा जिलाध्यक्ष/विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा आगमन हुआ।

जहां भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री प्रवीण सिंह गौतम, पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजीव सिंह गौतम, डॉ. सिद्धार्थ सिंह गौतम, जिला मंत्री अश्वनी पांडेय, मंडल अध्यक्ष सुजीत पाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष यतीश तिवारी, प्रेम शंकर पाठक, मंडल उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, सुरेन्द्र कुमार बिंद समेत आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बिजली के पोल मे करंट की चपेट में आने से युवक की मौत



**खेसरहा/सिद्धार्थनगर।** खेसरहा थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम को करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। संवाडांड पंचायत के पिपरा गांव में बिजली के खंभे से करंट उतरने से मुकेश गौड़ की मौत हो गई। घटना शाम 7 :30 बजे की है। मुकेश की छत से पानी टपक रहा था। वे पल्ली लेकर छत पर गए। बारिश का पानी घर में न आए, इसलिए छत को ढकने का काम कर रहे थे। काम खत्म करने के बाद वे सीढ़ी की तरफ आए। तभी घर के पास लगे बिजली के खंभे से करंट उतर गया। मुकेश करंट की चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। परिवार और ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। खेसरहा थाने के थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक शुक्रवार परेड का किया निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड मे साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी / कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई ।उन्होंने परेड के उपरान्त पुलिस लाइन्स परिसर में मेस, गणना कार्यालय, डायल 112, फायर सर्विस वाहन,परिवहन शाखा, आमी बैरक साइबर क्राइम थाना आदि का निरीक्षण किया तथा पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया । उन्होंने पुलिस लाइन के आदेश कक्ष मे सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध मे सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## थाना महुली पुलिस ने 520 ग्राम अवैध गाँजा, 01 अदद मोटर साईकिल के साथ 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी धनघटा प्रियम राजशेखर पाण्डेय के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष महुली रजनीश राय के नेतृत्व में उ0नि0 अरविन्द सिंह, का0 अरविन्द यादव, का0अभिषेक सिंह, का0 विजय गौतम, का0 अजीत गुप्ता ने चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन व भ्रमण क्षेत्र के दौरान अभियुक्त कुन्दन राज पुत्र दिनेश चन्द्र साकिन खेड़ा विजयपुर थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर को दिनाँक 21.08.2025 को मुरादपुर मोड के पास से कुल 520 ग्राम अवैध गाँजा, 01 अदद मोटर साईकिल के साथ माननीय सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशों-निर्देशों का अक्षरः पालन करते हुए मु0अ0सं0 305/2025 धारा 8/20 ठऊढर एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

# डीएम की अध्यक्षता में स्कूली वाहनों के नियमानुसार संचालन से संबंधित बैठक हुई आयोजित

वेलकम इंडिया

***इस अवसर पर एआरटीओ प्रियंवदा सिंह, प्रभारी डीआईओएस एच0एन0 यादव सहित विद्यालयों के प्रबंधक/प्रधानाचार्य आदि उपस्थित रहे।***

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में विद्यालय वाहनों के प्रबंधकों/प्रधानाचार्यों की बैठक कैम्प कार्यालय में आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने एआरटीओ को निर्देशित किया कि विद्यालय वाहनों की पार्किंग एवं विश्राम स्थल की व्यवस्था अपने स्कूल परिसर में ही पार्क करें, जिन स्कूली वाहनों के चालक एवं परिचालकों की वर्दी नहीं बनी है जल्द से जल्द बनवा लें। विद्यालय में संचालित वाहनों के चालकों का लाइसेंस एवं चरित्र सत्यापन कर लें तथा सभी स्कूली वाहनों के चालको का लाइसेंस होना अनिर्वाय है। जिन वाहन चालकों का लाईसेंस नही बना है वे विलंब न करते हुए अपना लाईसेंस बनवा लें।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि फिटनेस फेल एवं बिना परमिट के संचालित स्कूली वाहनों को नोटिस प्रेषित किया जाय तथा बिना फिटनेस एवं बिना परमिट के स्कूली वाहन यदि संचालित पाई जाती है तो प्रवर्तन कायार्वाही के दौराना वाहन बंद कर दी जाए। 15 वर्ष से अधिक अवधि की स्कूल बसों का संचालन न किया जाये। बैठक में जिलाधिकारी ने एआरटीओ को निर्देशित किया कि विघालय वाहन जो अपनी 15 वर्ष पूरी कर चुके है उन्हे विद्यालय वाहन से हटाने के हेतु नोटिस जारी कराना सुनिश्चित करे। विद्यालयों में 18 वर्ष से कम आयु वाले छात्र/छात्राओं के द्वारा निजी वाहन के प्रयोग वर्जित कराना एवं अपने निजी वाहन आने वाले 18 वर्ष से कम आयु वाले छात्र/छात्राओं को आने न दिया जाए और अभिभावक को सूचना दे दी जाए एवं नोटिस जारी किया जाए। विद्यालय में स्कूली बच्चों को लाने ले जाने के लिए के विद्यालय वाहनों से भिन्न टैक्सी वाहनों पर रोक लगाये जाने के संबंध में जिलाधिकारी ने एआरटीओ को निर्देशित किया।

# जिलाधिकारी ने ली आरसेटी की बैठक

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता,जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में ग्रामिण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) की प्रायोजक बैंक एसबीआई के साथ समीक्षा बैठक आयोजित हुई।बैठक में संस्थान द्वारा वर्ष 2009 से 21 जुलाई 2025 तक आयोजित 314 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से 8812 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिए जाने की जानकारी प्रस्तुत की गई।जिलाधिकारी ने विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गहन समीक्षा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाए एवं निर्धारित लक्ष्य को शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रशिक्षण इस प्रकार का हो, जिससे युवाओं को स्थायी व्यवसायिक अवसर प्राप्त हो सके और वे रोजगार सृजन करने वाले व्यवसायों से जुड़ सकें।उन्होंने जोर दिया कि युवाओं को केवल प्रशिक्षण ही नहीं बल्कि रोजगार से जोड़ने की ठोस कार्ययोजना बनाई जाए, जिससे जिले में आत्मनिर्भरता और आर्थिक विकास को गति मिले।डीएम भटगाई ने कहा कि आत्मनिर्भर बनने हेतु युवा और वेरोजगार लोग आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करते हुए जिले को अपने व्यवसायिक क्षेत्र उद्योग में नई ऊंचाइयों की ओर ले जाए इसके लिए सभी को उचित प्रशिक्षण मिलना चाहिए।जिले में पूर्व में स्थानीय उत्पाद मडुवे के बिस्कुट को प्रधानमंत्री जी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में सराहा गया उसी तरह यहां के स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार से डिमांड मिले इसके लिए भी आवश्यक कदम उठाने होंगे।बैठक में परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, डीडीओ संगीता आर्या, लीड बैंक अधिकारी शंकर सिंह दुग्ताल, निदेशक आरसेटी दिनेश कुमार, जीएम डीआईसी चंद्र मोहन, डीएचओ एचसीआर्या, पर्यटन अधिकारी पीके. गौतम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# शिकारपुर में जानकी ज्वैलर्स शोरूम से सोने की अंगूठी चोरी

वेलकम इन इंडिया




**शिकारपुर (बुलंदशहर)।** शिकारपुर के छोटा बाजार स्थित जानकी ज्वैलर्स शोरूम में घुसा चोर सरार्फा कारोबारी के पुत्र को बातों में उलझा कर सोने की एक अंगूठी ले उड़ा। अंगूठी की कीमत करीब 40 हजार रुपए बताई जा रही है। चोरी की सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

शुक्रवार को मुकेश मित्तल पुत्र बीरबल दास मित्तल के जानकी ज्वैलर्स शोरूम पर वह, उनका पुत्र विशांक मित्तल और एक कर्मचारी मौजूद थे। पैदल मोबाइल पर बात करता हुआ एक युवक ज्वेलर्स शोरूम में मुख्य कुर्सी पर बैठे मुकेश मित्तल का अभिवादन करते हुए अंदर घुसता है और फिर सोने की अंगूठी खरीदने की डिमांड करता है।सरार्फा कारोबारी के पुत्र विशांक मित्तल द्वारा एक ट्रे में रखकर सोने की कई अंगूठियां दिखाई जाती हैं। इसी दौरान चोर बातों में उलझा कर एक अंगूठी अपने बाएं हाथ में रख लेता है, लेकिन इस बात की भनक ज्वेलर्स और उसके पुत्र को नहीं लग पाती। इसी बीच शोरूम का कर्मचारी पीने के लिए पानी का गिलास लाकर काउंटर पर रख देता है।मौका लगते ही चोर दुकान से बाहर निकल जाता है।उसके निकलने के बाद जब ज्वेलर्स का पुत्र अंगूठियां गिनता है तो एक अंगूठी कम मिलती है।

# ग्राम पंचायत असरा में वितरित किए आम के पेड़



वेलकम इन इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** ग्राम पंचायत असरा विकास खण्ड- सिम्भावली जिला हापुड़ में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली द्वारा अनुसू ?चित जाति उपयोजना के अन्तर्गत लगभग 100 पेड आम के वितरित किये गये। जिसमे नोडल अधिका संदीप लाल द्वारा अश्वनी व गिरधारी लाल के माध्यम से ग्राम प्रधान सोहनबीर सिंह द्वारा वितरण किये गये। ग्राम प्रधान सोमवीर ने बताया यह सब आम के पेड़ पर्यावरण को देखते हुए संस्था से आग्रह करने पर उपलब्ध कराए हैं कुछ वृक्ष हमारी ग्राम पंचायत असरा में लगवाये जो किसानो व पर्यावरण को मजबूति प्रदान करे।आम कि उन्नत किसम अकषिमा लालिमा, मल्लिका इत्यादि पेड़ लगाये है इस दौरान लोकेश, नीरज ,सुनिल, जगति, राहुल धौरा, गंगाशरण, बिजेन्द्र, जितू राजेन्द्र, रणवीर आदि लोग उपस्थित रहे।

# हाईकोर्ट ने नैनीताल विकास प्राधिकरण पर दिखाई सख़्ती

जाकिर तुर्क वेलकम इंडिया

**मेरठ।** नैनीताल जिले की ग्राम सभा पुछड़ी में चल रहे ध्वस्तीकरण अभियान पर हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है।मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने जिला विकास प्राधिकरण को कठघरे में खड़ा करते हुए पूछा है कि उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही क्यों न की जाए।यह मामला मेरठ जनपद के कस्बा शाहजहांपुर निवासी शाहिद खान की याचिका से जुड़ा है। याचिकाकर्ता ने अधिवक्ता दुष्यंत मैनाली के माध्यम से अदालत में गुहार लगाई थी कि प्राधिकरण ने रामनगर क्षेत्र के करीब 200 पक्के मकानों को अवैध करार देते हुए तोड़ने की कार्रवाई शुरू कर रहा है।जबकि उनका मकान पंजीकृत भूमि पर बना हुआ है और उसे भी बिना कारण तोड़ा जा रहा है। याचिका में यह गंभीर आरोप भी लगाया गया कि पूरी कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निदेर्शों के विपरीत की जा रही है।मकान मालिकों को न तो पंजीकृत डाक से नोटिस भेजे गए और न ही अपनी बात रखने का अवसर दिया गया।बिना दस्तावेजों की जांच और सुनवाई के, एकतरफा आदेश पारित कर दिए गए और ध्वस्तीकरण शुरू कर रहा है।हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को एक सप्ताह के भीतर पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट करने का आदेश दिया है। साथ ही यह भी निर्देश दिया है कि यदि इस अवधि में प्राधिकरण ध्वस्तीकरण करता है तो याचिकाकर्ता के अधिवक्ता सीधे अदालत के संज्ञान में ला सकते हैं।

# सामलिया फार्मर्स वृन्दावन (फार्म स्टे) को मिला उत्कृष्टता का सम्मान

वेलकम इंडिया



**मथुरा/चौमुहां।** ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महाराणा प्रताप मार्ग जैंत से शेरगढ़ स्थित सामलिया फॉर्म्स को पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह उत्कृष्टता प्रमाण पत्र दिया।इस दौरान फॉर्म्स के चेयरमैन ठाकुर यशवीर सिंह राघव को प्रमाण पत्र सौंपकर सम्मानित किया।लखनऊ के प्लूटो ऑडिटोरियम में यूपी पर्यटन विभाग द्वारा ग्रामीण पर्यटन कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन किया। पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मथुरा के सामलिया फार्मस और अरन्या कॉटेज को उत्कृष्टता का सम्मान दिया। दोनों फार्म स्टे को ग्रामीण पर्यटन को सशक्त बनाने में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के प्रमुख सचिव बीएल मीणा, निदेशक पर्यटन ईशा प्रिया, प्रखर मिश्रा आदि मौजूद थे। इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य उत्तर प्रदेश में ग्रामीण पर्यटन को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करना था।

# महिला ने कराई रिपोर्ट दर्ज पुलिस जांच में जुटी

बुलंदशहर अहार क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित महिला ने ईट, डंडों से मारपीट कर बेहोश करने की दो महिलाओं और उनकी बेटियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज। पुलिस जांच में जुटी।एक गांव निवासी पीड़ित महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 अगस्त को शाम के करीब आठ बजे वह अपने घेरे से घर जा रही थी।तभी आरोपियों ने अपने घर के सामने मेरे साथ गाली गलौज और मारपीट करने लगी।शोर सुनकर लोग एकत्र हो गए।उस समय लोगों ने दोनों पक्षों का बीच बचाव कर फैसला करा दिया गया। लेकिन अगले दिन सुबह करीब नौ बजे वह अपने घेर में सफाई कर रही थी।तभी अकेली देखकर आरोपियों ने मुझ पर ईंट और डंडों से हमला कर दिया। जिससे मैं बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी।शोर सुनकर मेरी बेटी घेर में आ गई और हमले की वीडियो बनाई।

# नगर पालिका टीम ने चंडी रोड से हटायावा अतिक्रमण




वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

हापुड़ के व्यापारियों की मांग पर सड़कों पर पैर पसार रहे अतिक्रमण को लेकर जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने अधिशासी अधिकारी को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हुए हैं। जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय के सख्त निर्देश पर हापुड़ नगर पालिका राजस्व निरीक्षक सुनील सिंह नगर पालिका टीम के साथ दोपहर को ट्रैक्टर ट्राली लेकर शुक्रवार को चंडी रोड पर पहुंचे और लोडी स्पीकर के माध्यम से दुकानदारों द्वारा दुकान के आगे सड़क पर फैले अतिक्रमण को स्वयं हटाने की चेतावनी दी और जिन लोगों ने चेतावनी के बाद भी सड़क पर फैले अतिक्रमण को नहीं हटाया तो नगर पालिका टीम द्वारा ट्रैक्टर व ट्राली में डालना शुरू कर दिया और नगर पालिका टीम के पहुंचने पर सड़के खुली हुई नजर आई। सुनील सिंह ने दुकानदार हो चेतावनी दी है कि आगे से किसी भी सूरत में सड़क पर सामान रख कर फैला रहे अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।इस दौरान रेड्डी पटरी वाले भी सड़क से ठेले हटाते हुए नजर आए। बताते चले एक दिन पूर्व कोठी गेट मार्ग पर सड़क पर फैले अतिक्रमण को लेकर अभियान चलाया गया था

# बेलहर विधायक मनोज यादव मकसुद अंसारी के घर पहुंचे जहां उनके स्वस्थ की जानकारी ली

एहसान अंसारी

**बांका:** शुक्रवार को बेलहर विधायक मनोज यादव चांदन प्रखंड के कई पंचायत और गांव का दौरा किया। वही पंचायत उतरी कसवा वसीला के झिलुआ गांव के निवासी मकसूद अंसारी जिनका पिछले हफ्ते एक्सीडेंट हो गया था विधायक मनोज यादव उनके घर पहुंचे स्वस्थ की जानकारी ली, जब विधायक मकसुद अंसारी के पहुंचे तो ग्रामीणों का भीड़ जुट गया। गांव वालों का कहना है इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जो हमारे गांव में कोई विधायक आया किसी बीमार बच्चे का हाल चाल जानने के लिए मकसुद अंसारी काफी भावुक हो गए उनके पिता और पुरा परिवार विधायक का शुक्रिया अदा किया। गांव में कुछ लोगों ने अपनी समस्या से अवगत कराया विधायक ने गंभीरता से मामले को लिया और कहा जल्दी समस्याओं को समाधान किया जायेगा। गांव वालों में विधायक के भरोसे के लिए धन्यवाद दिया साथ ही उनके बच्चे को देखने के लिए आए विधायक का आभार व्यक्त किया। कहा विधायक हो तो ऐसा ही।



# साप्ताहिक परेड में पुलिस अधिकारी कर्मियों ने की कसरत



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** पुलिस लाईन बागेश्वर के परेड ग्राउंड में पुलिस बल में एकरुपता एवं अनुशासन लाने और पुलिस बल को शारीरिक व मानसिक रुप से चुस्त-दुरुस्त रखने के लिये शुक्रवार की परेड का आयोजन किया गया।पुलिस उपाधीक्षक कपकोट मनीष शर्मा, द्वारा सर्वप्रथम परेड का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात पुलिस बल के साथ स्वयं भी दौड़ लगाकर अच्छी फिटनेस के लिये प्रेरित किया। परेड के दौरान दौड़, ड्रिल, शस्त्राभ्यास, स्क्वाड ड्रिल आदि का अभ्यास कराया गया ।परेड में समस्त थाना/चौकी/पुलिस लाइन, पुलिस कार्यालय एवं शाखाओं के प्रभारी एवं पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# जीएसटी के दो स्लैब समाप्त करने के सरकार के फैसले का व्यापारियों ने किया स्वागत

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** युवा उद्योग व्यापार मंडल उ०प्र० पंजी० के प्रदेश महामंत्री सचिन चतुर्वेदी ने केंद्रीय सरकार द्वारा मंत्री समूह की बैठक में जीएसटी के दो स्लैब खत्म करने के फैसले को स्वागत योग्य बताया।

सरकार का फैसला व्यापारियों के हित में लिया गया ऐतिहासिक कदम है जीएसटी के दो स्लैब खत्म होने से व्यापारियों को बहुत हद तक राहत मिलेगी। सरकार ने हमेशा व्यापारियों के हित को ध्यान में रखते हुए कार्य किया है, जीएसटी का सरलीकरण होने से व्यापार जगत में एक नई उम्मीद बनेगी,इस फैसले से छोटे एवं मँझले व्यापारियों को अधिक लाभ पहुंचेगा 7 एवं 10 प्रतिशत जीएसटी कम होने से सरकार के इस निर्णय को ऐतिहासिक माना जाएगा दो स्लैब कम होने से कपड़ा, रेडीमेड, ऑटोमोबाइल सेक्टर समेत किसानों एवं आमजन को लाभ पहुंचेगा जिससे महंगाई कम होगी क्योंकि आने वाले समय में तैयारी सीजन के साथ-साथ सहालग का समय है, सरकार का निर्णय ऐसे समय पर आया है इससे व्यापार जगत में काफी ज्यादा उछाल आने की संभावनाएं हैं। व्यापार मंडल की ओर से जीएसटी के दो स्लैब खत्म करने की मांग काफी समय से की जा रही थी।

# मेरठ इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में एआई और डाटा एनालिटिक्स बूटकैंप का सफल आयोजन




उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार

**मेरठ।** मेरठ इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) ने एडुनेट फाउंडेशन के सहयोग से 20झ21 अगस्त 2025 को दो दिवसीय बूटकैंप का आयोजन किया। यह कार्यक्रम आईबीएम स्किल्सबिल्ड और वोडाफोन इंटेलिजेंट सॉल्यूशंस के अंतर्गत हुआ। इसका उद्देश्य छात्रों को उद्योग की नई तकनीकों से जोड़ना था। बूटकैंप में खास ध्यान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डाटा एनालिटिक्स (पावर बीआई) पर रहा। कार्यक्रम में बी.टेक, बीसीए, बीबीए, एमसीए और एमबीए के 1000 से ज्यादा छात्रों ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने छात्रों को एआई टूल्स और एनालिटिक्स की आज के पेशेवर जगत में अहमियत के बारे में जानकारी दी। समन्वयक आयुष सिंघल ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रों के करियर को नई दिशा देते हैं।सभी विभागाध्यक्ष कार्यक्रम में मौजूद रहे और पूरा सहयोग दिया।निदेशक प्रो. (डॉ.) के.एल.ए. खान ने प्रशिक्षण और प्लेसमेंट सेल के प्रयासों की सराहना की और एडुनेट फाउंडेशन की टीम की विशेषज्ञता की प्रशंसा की। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष पुनीत अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा (सीसीएस), डॉ. नीरज कांत शर्मा (आईक्यूएसी) और सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि यह पहल उद्योग और शिक्षा जगत के बीच की दूरी को कम करेगी।एडुनेट फाउंडेशन की टीम ने बेहद रोचक और ज्ञानवर्धक सत्र लिए। छात्रों ने एआई और डाटा एनालिटिक्स जैसी आधुनिक तकनीकों का व्यवहारिक अनुभव प्राप्त किया।

# प्रभु श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का आनंद लेने मेरठ नगर निगम में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार

**मेरठ।** श्री बाबा झारखंडी महादेव शिव मंदिर, नगर निगम मेरठ में ₹श्रीमद् भागवत कथा₹ के उपलक्ष मे पांचवे दिन ₹ श्रीमद् भागवत कथा ₹ मे वृंदावन से पधारे व्यास पीठ पर डॉट्ट मनोज मोहन शास्त्री ने प्रभु श्री कृष्ण की बाल लीलाएं, कालिया मर्दन, गोपी प्रसंग, गोर्वधन महोत्सव (छप्पन भोग) का प्रसंग सुनते वे बतया की गोपियों की कृष्णभक्ति से श्रीकृष्ण इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने गोपियों की चरण रज की वंदना की। इच्छा प्रकट करते हुए कहा कि मैं अगले जन्म में गोपियों की चरण रज से पवित्र वृंदावन की लता, औषधि, झाड़ी बनूं , आज के कलयुग वो गोपिया कही नही है ,अगर है तो वो आपको दिखेगी भी नही उनका बस एक हि उदस्ये आपने प्रिया प्रीतम को लाड लड़ाना उन्हे मोह माया से कोई मतलब नही लेकिन कुछ लोगो ने गोपी परम्परा का भी मजाक बना रखा है जो घोर आपराध है ।इसके बाद गोर्वधन महोत्सव मे गोवर्धन पूजा का



महत्व समझाया ,गोवर्धन पूजा वास्तव में प्रकृति की पूजा है।मनुष्य का शरीर पांच महाभूतों से बना है। प्रकृति से संबंध टूटने पर अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है। उन्होंने गौ माता के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कहा कि पहले गायों की पूजा होती थी, लेकिन आज उनकी उपेक्षा हो रही है।

गाय की दयनीय स्थिति के लिए हम सब जिम्मेदार हैं। गाय तभी हमारा पोषण कर सकती है, जब हम उसका शोषण बंद करें,कथा में बुद्ध के विचारों का भी जिक्र किया गया व्यास जी ने कहा कि हर व्यक्ति में ईश्वरीय गुण होते हैं, जरूरत है उन्हें पहचानने की, भक्ति को दिखावे की जरूरत नही है, जो आज कल दुनिया मे चल रहा है, लोगो को प्रभु के सुख की चिंता नही बस आपना दिखावा और नाम करना है, आज के समय मे कोई व्यक्ति चंदा भी देंगे तो फोटो या पोस्टर छपवा के , दान की परिभाषा है दान वो दे जो किसी को खबर भी ना हो एव आपने बाये हाथ को भी पता न हो की दान दिया है ।कड़वी बात धर्म के नाम पे बहुत लोगो ने प्रभु के सच्चे भक्तो ओर डर के नाम पे भ्रमित कर रखा है , इसी अंध्विश्वास का फायदा उठा के ऐसे लोग आपनी दुकान चला रे है ,ऐसे लोगो जो प्रभु भक्ति मे रहते है वह घोर आपराध हि कमाते है , समापन पे गोवर्धन भगवान को छप्पन भोग लगाया गया और आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।

इस अवसर पर कथा की रूप रेखा मे श्री राधा गोविंद शयन आरती परिकर मेरठ, अशोक कुमार ,अनिल रस्तोगी,अरुण अग्रवाल,मयंक अग्रवाल, अमन अग्रवाल , राजेश शर्मा, एव समिति के सभी सदस्यो का पूर्ण सहयोग रहा

# एसडीएम का अर्दली सड़क हादसे में हुआ घायल

**शिवशंकर तिवारी रामसनेहीघाट बाराबंकी।** गुरुवार की रात एक हादसे में एसडीएम कार्यालय के अर्दली महेश (44) गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक महेश मोटरसाइकिल से एक निमंत्रण में जा रहे थे, तभी अचानक सड़क पर कुत्ता आ गया। बचाव के प्रयास में उनकी बाइक असंतुलित होकर पलट गई, जिससे वे चोटिल हो गए। घटना की सूचना पाकर एसडीएम अनुराग सिंह तत्काल सीएचसी पहुंचे और अर्दली के बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित की। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमरेश वर्मा ने बताया कि महेश के सिर में हल्की चोट आई थी। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति सामान्य है और उन्हें घर भेज दिया गया है ।अचानक हुए इस हादसे से प्रशासनिक अमले में हलचल मच गई थी। एसडीएम का खुद अस्पताल पहुंचना और उपचार की व्यवस्था देखना कर्मचारियों के प्रति उनकी संवेदनशीलता का परिचायक माना जा रहा है।

# एम.एल.सी.अंगद सिंह की उपस्थिति में नि:शुल्क एग कार्ट का किया गया वितरण

**प्रवीण तिवारी बाराबंकी**



अंगद कुमार सिंह, सदस्य विधान परिषद की उपस्थिति में नेशनल एग को-आर्डिनेशन समिति (एन0ई0सी0सी0) द्वारा पशुपालन विभाग के सहयोग से पोल्ट्री व्यवसाय की वृद्धि एवं स्वरोजगार हेतु पशु चिकित्सालय सदर, बाराबंकी पर निःशुल्क एग कार्ट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जनपद के 10 लाभार्थियों को एग कार्ट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के शुभारम्भ के अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 अतुल कुमार अवस्थी द्वारा एमएलसी को बुके देकर स्वागत किया गया। सदस्य विधान परिषद अंगद कुमार सिंह द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित पशुपालकों को पशुपालन विभाग की योजनाओं में सहभागिता करने एवं स्वरोजगार हेतु प्रेरित किया गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि अण्डा प्रोटीन का एक अच्छा एवं सस्ता श्रोत है तथा अण्डे खाने से शरीर को उच्च गुणवत्ता वाला प्रोटीन भी पाए जाते है। साथ ही इसमें विटामिन ए, डी, बी कॉम्प्लेक्स, और कोलीन जैस पोषण तत्व होते है। कुपोषण को दूर करने में अण्डे की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अण्डे में पाये जाने वाले पोषण तत्व वजन और बेलीफैट को कम करने में मददगार होते है। कार्यक्रम में एमएलसी द्वारा लाभार्थियों से औपचारिक परिचर प्राप्त किया गया तथा लाभार्थी जियालाल पुत्र मथुरा प्रसाद, राजेन्द्र कुमार पुत्र प्रेमचन्द्र, देवीदीन पुत्र फूलचन्द्र, सुभाष पुत्र अर्जुन प्रसाद, राकेश कुमार पुत्र सहजराम, हरिओम पुत्र रामशंकर, रामनेवाज पुत्र रामस्वरूप, विनोद पुत्र कृष्णा, मनोज कुमार पुत्र रामगोपाल एवं बलदेव पुत्र मोहन लाल को एग कार्ट वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मो0 मुस्तफा खॉ, प्रधान सहायक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एन.ई.सी.सी.के प्रतिनिधि श्यामू त्रिपाठी, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा.सुधीर कुमार, डा. श्रद्धा सचान, पशु चिकित्साधिकारी डा. विकास सिंह, डा. भानु प्रताप प्रजापति, डा. विभा व पशुधन प्रसार अधिकारी शिवेन्द्र प्रताप सिंह, देवानन्द सिंह, रामसनेही व पंकज कुमार वर्मा उपस्थित रहें।

# शिवा पथरोल की प्रथम जयंती पर भंडारे का आयोजन, डॉ० संदीप ने दी श्रद्धांजलि

**वेलकम इंडिया**



**झाँसी**। शिवा पथरोल की प्रथम जयंती के अवसर पर उनके परिजनों द्वारा बीकेडी चौराहे स्थित मंदिर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉक्टर संदीप सरावगी को आमंत्रित किया गया, डॉक्टर संदीप ने शिवा पथरोल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात भंडारे का प्रारंभ हुआ डॉक्टर संदीप एवं पथरोल परिवार द्वारा सैकड़ों की संख्या में लोगों को भोजन वितरित किया गया। इस अवसर डॉ० संदीप ने कहा आज हम सब यहाँ शिवा पथरोल की प्रथम जयंती के अवसर पर एकत्रित हुए हैं यह दिन हम सबके लिए प्रेरणा का क्षण है। किसी भी व्यक्ति का वास्तविक मूल्यांकन केवल उसके जन्म या बाह्य आकर्षण तक सीमित नहीं होता, बल्कि उसके कार्य, विचारधारा और आदर्शों में होता है जिसे उन्होंने समाज को दिया। शिवा पथरोल ने अपने जीवनकाल में जिन मूल्यों को अपनाया और समाज में जिन उच्च आदर्शों का संचार किया, वह हमारे लिए प्रेरणादायक हैं। इस अवसर पर पथरोल परिवार से उनके भाई दीपांशु पथरोल, पुत्र शिवांश एवं दीपक पथरोल सहित लखन लाल पथरोल, मुकेश करोसिया, शिवम पथरोल, अजय प्रताप सिंह, प्रियांशु पथरोल, सूर्यांश, दिव्यांश, शिवांश, दीपक सहित संघर्ष सेवा समिति से संजय राष्ट्रवादी, संदीप नामदेव, अनुज प्रताप सिंह, बसंत गुप्ता, सुशांत गुप्ता, राजू सेन आदि उपस्थित रहे।

# किशोरी को बहला-फुसलाकर जाने वाला आरोपी गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** कस्बे के मोहल्ला मोलानान से मामा के घर आई किशोरी को एक युवक बहला-फुसलाकर कर अपने साथ ले गया था और किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था पुलिस ने किशोरी को बरामद करते हुए मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया था किशोरी के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अभियोग दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म करने के आरोपी को जेल भेज दिया ?है। मुजफ्फरनगर जनपद के भौरा कला थाना क्षेत्र के गांव निवासी किशोरी कस्बे के मोहल्ला मौलानाश स्थित अपने मामा के घर पर आई थी। विगत 9 जुलाई को एक युवक किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। पीड़ित परिजनों ने थाने पर पहुंचकर 12 जुलाई को अभियोग दर्ज कराया था। पुलिस ने अभियोग दर्ज कर आरोपी युवक एवं किशोरी की तलाश शुरू कर दी थी। विगत 15 अगस्त को पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया था। और आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी साजिद पुत्र समयदिन निवासी ग्राम बसीकला थाना शाहपुर मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण एवं जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



**प्रतापगढ़**। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला पर्यावरण एवं जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। पर्यावरण समिति की बैठक में डीएफओ जगदम्बिका प्रसाद ने बताया कि समस्त विभागों द्वारा वृक्षारोपण की जियो टैगिंग का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वृक्षारोपण अभियान के दौरान जो भी वृक्ष लगाये गये है उनकी देखभाल एवं सुरक्षा करते रहे। बैठक में बताया गया कि सतत विकास की अवधारणा के प्रति लोगो को संवेदनशील बनाने, वन वन्यजीव एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु ग्रामीण स्तर पर परम्परागत प्रथाओ को बढ़ावा देने एवं वनो पर निर्भरता को कम करने जैव विविधता संरक्षण, मिट्टी की गुणवत्ता महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा हेतु ग्रामीण स्तर पर ग्रीन चौपाल के आयोजन एवं इसके महत्व को जनमानस तक पहुँचाने के लिये जिला पंचायत राज अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है जिस पर डीएम ने ग्रीन चौपाल आयोजन हेतु आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। डीएफओ ने बताया कि वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत जनपद प्रतापगढ़ में विशिष्ट वनों की स्थापना निर्धारित तिथियों में कराया गया है। इसी प्रकार जिला गंगा समिति की बैठक में नदी में ठोस अपशिष्ट को बहने से रोकने के सम्बन्ध में डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि गंगा नदी को निर्मल व अविरल बनाये रखने हेतु किसी भी प्रकार के ठोस अपषिष्ट, गंगा एवं उसकी सहायक नदियों में न प्रवाहित किये जायें इसके लिये आवश्यक कार्यवाही की जाये। डीएफओ ने बताया कि बकुलाही नदी के विकास के लिये सिंचाई विभाग द्वारा रिपोर्ट बनाकर शासन को प्रेषित की गयी है जिस पर डीएम ने निर्देशित किया कि जिलाधिकारी की ओर से पत्र प्रेषित किया जाये। डीएफओ ने बताया कि गंगा ग्रामों के विकास की कार्ययोजना पंचायती राज विभाग से मांगी गयी थी जो अभी अप्राप्त है जिस पर डीएम ने निर्देशित किया कि कार्ययोजना यथाशीघ्र प्रेषित की जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी जगदम्बिका प्रसाद, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार, ईओ नगर पालिका राकेश कुमार, जिला परियोजना अधिकारी शिवम यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व समिति के सदस्य रोशन लाल ऊमरवैश्य व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह के दिशा निर्देश में दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**रणविजय सिंह सिद्धौर बाराबंकी**। खंड विकास अधिकारी सिद्धौर पूजा सिंह की देखरेख में दो ग्राम पंचायतों में चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई। खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह के देखरेख में विकास खंड सिद्धौर क्षेत्र की ग्राम पंचायत नूरापुर के ग्राम चौपाल का आयोजन लघु सिंचाई अवर अभियंता सोमबीर सिंह यादव के नेतृत्व में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम सचिव उत्तम कुमार ग्राम प्रधान रिंकी सिंह व ग्राम पंचायत जलालपुर के पंचायत भवन में ग्राम सचिव हरीराम व ग्राम प्रधान सुरैया बानो के नेतृत्व में ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत नूरापुर में ग्रामीणों द्वारा चौपाल में तीन शिकायतें आवास, राशन कार्ड, इंटरलॉकिंग के शिकायती पत्र मिले। सभी शिकायती पत्रों का सचिव उत्तम कुमार ने मौके पर प्रक्रिया में लाकर निस्तारण करने की बात कही है। जबकि जलालपुर चौपाल में एक शिकायती पत्र सचिव हरीराम को मिला। जिसका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इस मौके पर सहायक टेक्नीशियन कृष्ण मुरारी पंचायत सहायक शिवानी सिंह गायत्री देवी हरि नाथ यादव आदि लोग व ग्रामीण मौजूद रहे।

# मकान की छत गिरी पीड़ितों ने लगाई मुआवजे की गुहार



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** थाना क्षेत्र के नई बस्ती सलेमपुर मार्ग पर एक व्यक्ति के मकान की छत भर भरा कर गिर गई, मकान की छत गिरने से धमाका हो गया आसपास के लोग मौके पर पहुंचे परिवार हादसे में बाल बाल बच गया पीड़ितों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मुआवजे की गुहार लगाई। विगत कई दिन पूर्व हुई लगातार झमाझम बरसात के कारण कच्चे मकानों की छत जर्जर हालत में हो गई। थाना क्षेत्र की नई बस्ती सलेमपुर मार्ग निवासी रहीस अपने परिवार सहित गुजर, बसर करता है। लगातार हो रही बरसात के कारण अचानक से उसकी छत भर भराकर गिर पड़ी मकान की छत गिरने से जोरदार धमाका हुआ और मोहल्ले में हड़कंप की स्थिति बन गई मौके पर मोहल्ले के दर्जनों लोग जमा हो गए। मलबे की चपेट में आने से परिवार के लोग बाल बाल बच गए। पीड़ित के अनुसार जब उसके मकान की छत गिरी तो परिवार के लोग मकान के दूसरे हिस्से में मौजूद थे। पीड़ित व्यक्ति सहित मोहल्ले के अन्य लोगों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर बताया कि मोहल्ले के कई लोगों की मकान की छत जर्जर हालत में हो चुकी है पीड़ितों ने प्रदेश सरकार से मुआवजे की गुहार लगाई है।

# आजाद समाज पार्टी का कैंडल मार्च, इंसाफ की गूंज




**वेलकम इंडिया**

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** हरियाणा के भिवानी में हुए चर्चित मनीषा हत्याकांड ने केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। घटना को लेकर जगह-जगह आक्रोश देखने को मिल रहा है। शुक्रवार की शाम कस्बे में आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर कैंडल मार्च निकालकर मनीषा को श्रद्धांजलि दी और दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की।कैंडल मार्च कस्बे के मुख्य मार्गो से होते हुए वीर अब्दुल हमीद चौक पर पहुंचा, जहां कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर मृतक मनीषा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए कहा कि जब तक इस प्रकरण की जांच सीबीआई जैसी निष्पक्ष एजेंसी से नहीं कराई जाएगी, तब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिलेगा।मार्च में शामिल कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह केवल एक परिवार का दर्द नहीं है बल्कि समाज की अस्मिता और न्याय व्यवस्था पर बड़ा सवाल है।

# श्रीकृष्ण की छठी पर भंडारे का आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** कस्बे के मोहल्ला रायजादगान स्थित मंदिर सिद्धपीठ प्राचीन श्री शाकुंभरी देवी भवन में श्रीकृष्ण छठी महोत्सव का भव्य आयोजन श्रद्धा व धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

भंडारे से पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष डॉ. रश्मि कांत जैन, एवम नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी पूर्णिमा ने मंदिर में माता शाकुंभरी देवी व भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति के समक्ष विधिवत पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम के दौरान कन्या पूजन का आयोजन भी किया गया, जिसे भाजपा नगर उपाध्यक्ष प्रतिभा उर्फ सिमरन ने संपन्न कराया। पूजा के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप कढ़ी-चावल वितरित किया गया। विशेष बात यह रही कि मंदिर की परंपरा अनुसार, भंडारे का प्रसाद किसी पेशेवर हलवाई से नहीं बनवाया गया, बल्कि मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने स्वयं अपने हाथों से प्रसाद तैयार किया। यह सेवा भावना श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र रही। प्रसाद निर्माण में मुख्य रूप से मंदिर ट्रस्ट के विनीत शर्मा, शिवा कौशिक, मोहित गर्ग व आशु तोमर ने सहयोग किया। भंडारा सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक चला, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस पावन अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष ब्रह्मचारी आशुतोष महाराज, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ रश्मिकांत जैन,ईओ पूर्णिमा, मुख्य लिपिक अशोक कुमार, खाद्य एंवम सफाई निरिक्षक शैशील मलिक, अमरेश बाबू, ट्रस्ट के लेखनिरीक्षक अरविंद कंसल, ट्रस्ट प्रबंधक अंकुर अग्रवाल, ट्रस्ट कोषाध्यक्ष अंशुल नामदेव, सह कोषाध्यक्ष सचिन अरोड़ा,ट्रस्ट उपाध्यक्ष सुधीर सैनी मंत्री नितिन चावला,वार्ड 11 सभासद प्रदीप भार्गव, भाजपा महामंत्री दीपक गुप्ता ,ट्रस्ट सदस्य रामकुमार भार्गव सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम की भव्यता और भक्तिभाव से ओत-प्रोत वातावरण ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति कराई।

# नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक में चरणजीत गांधी को उपाध्यक्ष चुना गया

**समर्थ कुमार सक्सेना**

लखनऊ। नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक में चरणजीत गांधी को उपाध्यक्ष चुना गया है। इस बैठक में अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के स्वागत की भी चर्चा हुई। बैठक के मुख्य बिंदुः अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला का स्वागत नगर निगम लखनऊ द्वारा शुभांशु शुक्ला का भव्य स्वागत किया जाएगा। शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। कार्यकारिणी के नए सदस्यः कार्यकारिणी के छह नए सदस्यों के नामों की घोषणा की गई, जिनमें अरुण कुमार राय, पिंकी रावत, राजेश सिंह, राम नरेश चौरसिया, संदीप शर्मा और पृथ्वी गुप्ता शामिल हैं। उपाध्यक्ष पद का चुनावः चरणजीत गांधी को सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष चुना गया। बैठक में चर्चा स्ट्रीट लाइटों की खराब व्यवस्था, पार्कों के सुधार, नालों, पिंक टॉयलेटों की स्थिति बेहतर बनाने और अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। लखनऊ नगर निगम की कार्यकारिणी में चुने गए छह नए सदस्यों में पांच भाजपा और एक सपा के पार्षद हैं। ये सदस्य शहर के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय लेने में भूमिका निभाएंगे।



# हर घर पौधारोपण से थार में हरियाली का सपना होगा साकार :- बोहरा

**वेलकम इंडिया**

**बाड़मेर, राजस्थान। 22 अगस्त, 2025** । जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से थार नगरी, बाड़मेर को हरा-भरा बनाने को लेकर एक घर एक पौधा अभियान के माध्यम से लगातार पौधारोपण किया जा रहा है। जिस कड़ी में शुक्रवार को संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन, पर्यावरण प्रेमी मुकेश खत्री व भामाशाह मुकेश धारीवाल की उपस्थिति में शहर के खत्रियों का निचला वास कल्याणपुरा में पौधारोपण किया गया। जहां पौधारोपण करते हुए पौधों को सुरक्षित कर उन्हें संरक्षित करने का संकल्प लिया गया। संस्थान अध्यक्ष व पर्यावरण कार्यकर्ता मुकेश बोहरा अमन ने पौधारोपण करते हुए कहा कि संस्थान की ओर से शहर भर में पौधारोपण को लेकर एक घर एक पौधा अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें जन-सहयोग व भामाशाह सहयोग से थार नगरी, बाड़मेर को हरा-भरा करने का कार्य किया जा रहा है। अमन ने कहा कि हर घर पौधारोपण से ही थार नगरी को हरा-भरा बनाने का सपना साकार हो सकेगा।



# विधायक ने गांव रोरी में किया नवनिर्मित लाइब्रेरी का उद्घाटन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** भाजपा विधायक डॉ मंजू शिवाच ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रोरी में नव निर्मित लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। डॉ मंजू शिवाच ने कहा कि यह लाइब्रेरी निश्चित ही ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों, युवाओं एवं अध्ययनशील नागरिकों के लिए ज्ञान, अध्ययन और प्रेरणा का केंद्र बनेगी तथा शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण योगदान देगी। उद्घाटन कार्यक्रम के उपरांत आयोजित ग्राम जन चौपाल में सम्मिलित होकर ग्रामवासियों से संवाद किया और उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना। ग्रामवासियों द्वारा प्रस्तुत बिंदुओं को संज्ञान में लेते हुए आश्वस्त किया गया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। विधायक डॉ मंजू शिवाच ने कहा ग्राम का समग्र विकास तभी संभव है, जब प्रत्येक नागरिक सक्रिय सहयोग और सहभागिता प्रदान करे। सभी के सामूहिक प्रयासों से ही एक विकसित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर ग्राम और विधानसभा क्षेत्र का निर्माण संभव है।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, बीडीओ पीयूष राय, अमित चौधरी, ग्राम प्रधान सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# बार एसोसिएशन मोदीनगर की नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** शुक्रवार को मोदीनगर तहसील परिसर स्थित मीटिंग हॉल शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बार एसोसिएशन मोदीनगर की नवनिवार्चित सदस्यों को पद और गोपनियता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में बार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के चेयरमेन शिव किशोर गौड़, ग्रामीण न्यायालय के न्यायाधीश संतनाम सिंह यादव, तहसीलदार मोदीनगर रजत सिंह व न्यायिक तहसीलदार मोदीनगर अरूण अग्रवाल, सब रजिस्ट्रार मोदीनगर भरत कुमार व बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा व सचिव अमित नेहरा एडवोकेट व मोदीनगर पालिका परिषद के चेयरमेन विनोद वैशाली जी उपस्थित रहें। इस मौके पर ग्रामीण न्यायालय मोदीनगर के न्यायाधीश संतनाम सिंह यादव ने बार एसोसिएशन मोदीनगर की नई कार्यकारीणी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण कार्यकारीणी में मुख्य रूप से अध्यक्ष जगवीर सिंह, सचिव नकुल त्यागी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश कुमार, मीडिया प्रभारी राजकुमार चौधरी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अजित कुमार, कोषाध्यक्ष देवेश शर्मा, सहसचिव अरूण कुमार सहित राजकुमार गुप्ता, उत्तम कुमार त्यागी, विशाल शर्मा आदि अधिवक्तागण ने शपथ ग्रहण की तथा बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्तागण उक्त कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# छठी महोत्सव पर निवाड़ी में कढ़ी-चावल के भंडारे का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** यशोदा नंदन भगवान श्रीकृष्ण के छठी महोत्सव पर कस्बा निवाड़ी में रूपा हवाई की ओर से आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं ने कढ़ी-चावल का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर भगवान की श्री कृष्ण के भजन भी गए गए और श्रद्धालु भक्तजनों ने भगवान का गुणगान किया। इस मौके पर रूपा हवाई, तरुण सिंघल, अरुण सिंघल, राजू सिंह आदि भक्तजन उपस्थित रहे।

# श्री वैश्य कुटुम्ब सेवा समिति महिला इकाई द्वारा छठी उत्सव धूमधाम के साथ मनाया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** श्री वैश्य कुटुम्ब सेवा समिति (रजि.)मोदीनगर महिला ईकाई द्वारा श्री कृष्ण छठी उत्सव आयोजित किया गया। मुख्य संयोजिका राधिका गुप्ता नगर अध्यक्ष द्वारा यह आयोजन उनकी सहसंयोजिका कविता गुप्ता व रूबी गुप्ता के दिशा निर्देश मे सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि शहर की विधायिका डा. मंजू शिवाच के द्वारा छठी उत्सव का शुभारम्भ किया गया। नगर अध्यक्ष द्वारा मुख्य अतिथि को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मध्य नगरपालिका अध्यक्ष विनोद जाटव वैशाली ने भी आकर कार्यक्रम मे भोजन वितरित कर सहयोग किया। नवीन गुप्ता जी द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष का सम्मान भी पटका पहनाकर किया गया। छठी उत्सव मे अपना स्नेहाशीष देने श्री वैश्य कुटुम्ब सेवा समिति के संरक्षक आदरणीय महेश तायल जी टिम्बर वाले व श्री सुदेश मित्तल मित्तल जी सिबली वाले भी अपना आशीर्वाद देने पहुचे।गिन्नी देवी महिलास्नात्तकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्या पूनम शर्मा, डा. मीनू अग्रवाल जी, राखी शर्मा जी, श्री वैश्य कुटुम्ब सेवा समीति की प्रदेश चेयरमैन वर्षा गुप्ता, एहसास की अनुप्रीत कौर जी उपस्थित रही जिनका सम्मान नगर अध्यक्ष राधिका गुप्ता द्वारा किया गया। इस छठी उत्सव मे शानु, मीना तायल, रजनी मित्तल, एकता अग्रवाल, पूजा सिंघल,शिल्पी अग्रवाल, शालिनी गोयल,सीमा गुप्ता,प्रिंयका गुप्ता,पूनम गर्ग,कल्पना गुप्ता, अर्चना, अंजलि, नीरु, रश्मि,एकता, ज्योति, रेखा, आशा, शालू, शालिनी, रीता, नैना, सारिका, प्रीति, भावना, अंजलि, पारूल, मानसी,रूचि, विनिता, निधि, नीशू, बीना, मन्जू, सीमा उपस्थित रही।

# प्राचीन शिव शक्ति मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण का छटी महोत्सव श्रद्धाभाव के साथ मनाया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** प्राचीन शिव शक्ति धर्मशाला मंदिर स्थित सिकरी खुर्द में भगवान श्रीकृष्ण जी का छटी महोत्सव श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस मौके पर सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष गाजियाबाद राजेंद्र कुमार शर्मा, अभिनव कौशिक, सुधांशु सिंघल, संजीव मलिक, गोविंद शर्मा आदि भक्त जनों द्वारा भगवान श्री कृष्ण छटी कार्यक्रम बहुत ही श्रृध्दाभाव के साथ मनाया गया। आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में मोदीनगर पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली, नगर अध्यक्ष व्यापार मंडल अध्यक्ष मेहराम चंदेला, सैकड़ों श्रद्धालु एवं काफी तादाद में मातृशक्तियों कार्यक्रम में शामिल हुई। इस सफल आयोजन के लिए आयोजन कर्ता को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

# दहेज हत्या मामले मे मृतका के पति, ससुर और सास को किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** पुलिस ने दहेज हत्या मामले का पदार्फाश करते हुए मृतका के पति, ससुर और सास को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू और मृतका का मोबाइल फोन ड्डी बरामद किया है। मामला 19 अगस्त का है, जब मृतका शिवानी उर्फ स्वाति (22 वर्ष) के भाई ने पुलिस में तहरीर दी थी। स्वाति मूल रूप से मुजफ्फरनगर की रहने वाली थी। परिजनों ने आरोप लगाया कि ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते थे। इसी कड़ी में पति जितेंद्र प्रजापति ने झगड़े के दौरान धारदार हथियार से उसकी गर्दन काटकर हत्या कर दी और परिवार सहित फरार हो गया। पुलिस ने टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की और आज तीनों को मोदीनगर बस अड्डे से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पति जितेंद्र ने जुर्म कबूल करते हुए बताया कि शादी के बाद से ही वह पत्नी पर अतिरिक्त दहेज के लिए दबाव बनाता था। गिरफ्तार आरोपी में जितेंद्र प्रजापति (पति), भीमसैन (ससुर)शोभा (सास निवासी ग्राम गदाना हैं। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि आरोपियों को जेल भेजकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# समाजसेवी एवं पूर्व सभासद दीपक वत्स को राष्ट्रीय परशुराम परिषद प्रदेश का महामंत्री नियुक्त किया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** राष्ट्रीय परशुराम परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पंडित अशोक शर्मा ने मोदीनगर निवासी समाजसेवी एवं पूर्व सभासद दीपक वत्स को प्रदेश का महामंत्री नियुक्त किया गया है।राष्ट्रीय परशुराम परिषद की उत्तर प्रदेश इकाई की ओर से पूर्व सभासद दीपक वत्स को दिए पत्र में कहा है कि आपको यह सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि राष्ट्रीय परशुराम परिषद के संस्थापक पंडित सुनील भराला के परामर्श पर आपकी सामाजिक प्रतिबद्धता, संगठनात्मक क्षमता तथा राष्ट्रधर्म के प्रति समर्पण भाव को ध्यान में रखते हुए, आपको उत्तर प्रदेश, प्रदेश महामंत्री के पद पर मनोनीत किया जाता है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू मानी जाएगी और आगामी (2/3) वर्षों या संगठन के अगले निर्देश तक मान्य रहेगी। इस पद पर रहते हुए आप परिषद के उद्देश्यों और सिद्धांतों का पालन करते हुए, संगठन को उत्तर प्रदेश में और अधिक सशक्त और सक्रिय बनाने में अपनी भूमिका निभाएंगे।आपसे आग्रह है कि आप शीघ्र ही अपने प्रदेश, जिला, मण्डल एवं ब्लॉक स्तर पर परिषद की इकाइयों का गठन प्रारंभ करें और संगठन के विस्तार एवं जनजागरण के कार्यों को गति दें।आपको इस गरिमामयी दायित्व के लिए हार्दिक शुभकामनाएं एवं मंगलकामनाएं। दीपक वत्स को प्रदेश का महामंत्री बनाए जाने पर समाज के लोगे ने खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि उनकी नियुक्ति से संगठन को मजबूती मिलेगी।

# खेल दिवस पर खेल सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं



वेलकम इंडिया

**औरंगाबाद बुलंदशहर।** राष्ट्रीय खेल दिवस एवं दीक्षोत्सव 2025 के उपलक्ष्य में अमर सिंह महाविद्यालय लखावटी में शुक्रवार को खेल सप्ताह का शुभारंभ किया इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्रीड़ा सचिव शारीरिक शिक्षा एवं खेल कूद विभागाध्यक्ष प्रोफेसर भीष्म सिंह ने दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन करके किया। अपने संबोधन में प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होने कहा कि आज के जीवन में खेल-कूद को अपने जीवन का आधार बनाकर स्वस्थ रहना संभव है। खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास संभव है तथा केरियर संवारने के लिए आवश्यक आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का भरपूर विकास संभव है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनीष मिश्रा ने मेजर ध्यानचंद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। डाक्टर रामजी द्विवेदी असिस्टेंट प्रोफेसर इतिहास विभाग ने सभी को मेजर ध्यानचंद के कार्यों से प्रेरित होकर अपनी छमता में वृद्धि करने का आवाहन किया। प्रोफेसर निशा चौधरी ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर रस्साकसी,वालीवाल, म्यूज़िकल चेयर दौड़ आदि का आयोजन किया जाएगा। प्राध्यापक नवीन कुमार डॉ पंकज कुमार डॉ जन्मेजय तरूण दाहिया भूपेंद्र आफिस सुप्रिटेंडेंट अभय श्रीवास्तव पुष्पेन्द्र मलिक दुष्यंत शर्मा ध्रुव रामप्रसाद रोहतास आदि मौजूद रहे। खेल सप्ताह मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन तक चलेगा।

# सौंदा से कौशांबी की बस सेवा शुरूः नीरज त्यागी

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की ओर से मोदीनगर विधानसभा के ग्राम सौंदा से कौशांबी के लिए बस सेवा शुरू की गई है। जिसका उद्घाटन फीता काटकर व बस को हरी झंडी दिखाकर विधायक डॉ मंजू सिवाच व भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष नीरज त्यागी ने संयुक्त रूप से कियो उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के अधिकारी, ग्राम प्रधान, ग्रामवासी आदि की उपस्थिति रही बता दें कि यह बस सेवा ग्राम सौंदा से शुरू होकर पेंगा, निवाड़ी, याकूतपुर मवी आदि दर्जनों गांवों व निवाड़ी रोड और कौशांबी के रूट पर पड़ने वाले स्कूल-कॉलेज आदि को जोड़ते हुए मोदीनगर से होते हुए कौशांबी डिपो तक जाएगी। इस बस सेवा के माध्यम से इस क्षेत्र के नौकरी करने वाले सैकड़ो युवाओं व कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को इसका भरपूर लाभ मिलेगा। नीरज त्यागी ने बताया कि भाजपा सरकार गावों को शहर से जोड़ने के लिए कृत संकल्प है और इस बस सेवा से मोदीनगर क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास में इसका योगदान रहेगा। प्रदेश परिवहन निगम की ओर से मोदीनगर विधानसभा के ग्राम सौंदा से कौशांबी के लिए बस सेवा शुरू की गई है। जिसका उद्घाटन फीता काटकर व बस को हरी झंडी दिखाकर विधायक डॉ मंजू सिवाच व भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष नीरज त्यागी ने संयुक्त रूप से कियो उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के अधिकारी, ग्राम प्रधान, ग्रामवासी आदि की उपस्थिति रही बता दें कि यह बस सेवा ग्राम सौंदा से शुरू होकर पेंगा, निवाड़ी, याकूतपुर मवी आदि दर्जनों गांवों व निवाड़ी रोड और कौशांबी के रूट पर पड़ने वाले स्कूल-कॉलेज आदि को जोड़ते हुए मोदीनगर से होते हुए कौशांबी डिपो तक जाएगी इस बस सेवा के माध्यम से इस क्षेत्र के नौकरी करने वाले सैकड़ो युवाओं व कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को इसका भरपूर लाभ मिलेगा।

# नोएडा के थाना 142 पुलिस टीम ने 90 लाख के सोना और नकदी के साथ 1 चोर को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** नोएडा में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक नौकर ने पहले मकान मालिक का विश्वास जीता और फिर घर में सेंधमारी कर 80 लाख रुपये के सोने के सिक्के और करीब 6 लाख कैश चुरा लिए। नोएडा के थाना 142 पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर घरेलू नौकर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया और उसकी निशानदेही पर 80 लाख के सोने सिक्के, 5 लाख नगद 71 हजार रुपए और चाकू बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसका नाम कृष्ण कुमार पांडे उर्फ चुम्मा बताया जा रहा है. आरोपी पर सेक्टर 137 पैरामाउंट फ्लोर विला सोसाइटी के रहने वाले सतीश सिन्हा ने घर से सोने और नगदी चोरी किए जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। डीसीपी सेंट्रल नोएडा ने बताया, पकड़े गये आरोपी का मॉडस ऑपरेंडी यह था कि जहां पर नौकरी करता था, वहां मकान मालिक विश्वास जीत लेता था। विश्वास में लेने की वजह से काफी मकान मालिक उसके सहारे घर छोड़ देते थे और उसी विश्वास का फायदा उठाकर आरोपी चोरियों को अंजाम देता था. आरोपी के बारे और जानकारी अन्य राज्यों जुटाई जा रही है. जहां-जहा पर इसने नौकरी की है।

# मोदीनगर-मुरादनगर में अवैध कालोनियों पर गरजा बुलडोजर

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। उपाध्यक्ष के सख्त निर्देशों के अनुपालन में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने शुक्रवार को बड़ी कार्यवाही करते हुए मोदीनगर और मुरादनगर क्षेत्र में फैली अवैध कालोनियों पर बुलडोजर चलवा दिया।

कार्रवाई के दौरान लगभग 49 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही कालोनियों को ध्वस्त कर दिया गया। प्रभारी प्रवर्तन जोन-2 के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में राजस्व ग्राम बिसोखर, तहसील मोदीनगर में ब्रजवीर सिंह उर्फ बबलू पुनिया द्वारा खसरा संख्या 18, 17, 04 और 01 पर लगभग 15,000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में किए गए अवैध विकास को ढहा दिया गया। इसी तरह भिक्कनपुर,

> अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान यहीं नहीं रुकेगा, बल्कि आगामी माह में भी इसी तरह की ध्वस्तीकरण व सीलिंग कार्रवाई लगातार जारी रहेगी

मुरादनगर में देवेंद्र, नितिन कुमार, रविंद्र और सचिन द्वारा खसरा संख्या 471, 472 और 473 पर करीब 6,000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बनाई गई कॉलोनी पर बुलडोजर चला। इसके अतिरिक्त भिक्कनपुर में नरेंद्र और रविंद्र पुत्रगण स्व. मंशनाराम द्वारा खसरा संख्या 407 व 408 पर लगभग 10,000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में विकसित निर्माण तथा भिक्कनपुर दुहाई में हेमलता पत्नी नरेंद्र गर्ग, योगेश शर्मा और दिनेश शर्मा आदि द्वारा खसरा संख्या 475 पर करीब 18,000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में विकसित कॉलोनी को भी ध्वस्त कर दिया गया। इन सभी स्थलों पर बनाई गई सड़कें, साइट ऑफिस और बाउंड्रीवॉल पलभर में जमींदोज हो गए। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान कॉलोनाइजर और अवैध निर्माणकताओं ने भारी विरोध किया, लेकिन प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम और पुलिस बल ने स्थिति को नियंत्रित कर कार्रवाई पूरी कराई। प्रवर्तन प्रभारी ने साफ चेतावनी दी कि बिना अनुमति के कोई भी निर्माण कार्य बख्शा नहीं जाएगा और भविष्य में भी इस तरह के अवैध विकास पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता, अवर अभियंता, प्रवर्तन जोन-2 का पूरा स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल और प्रवर्तन दस्ते की उपस्थिति रही।




# सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों को फांसी, पीड़ित परिवार को 50 लाख मुजावजे की मांग

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। लोनी क्षेत्र में दलित समाज की एक बेटी के साथ हुई हैवानियत ने पूरे जिले को हिलाकर रख दिया है। घटना इतनी दर्दनाक है कि सुनते ही इंसानियत शर्मसार हो उठी। पीड़िता की हालत देखकर हर किसी का दिल दहल गया।

चारों ओर गुस्से और आक्रोश का माहौल है। घटना के बाद शुक्रवार को पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मनोज धामा पीड़ित परिवार से मिलने उनके घर पहुंचे। उन्होंने परिवार को सांत्वना देते हुए शोक प्रकट किया और भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में पूरा समाज उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि इस बेटी ने जो दर्द और अपमान सहा है, उसने इंसानियत को झकझोर दिया है। दोषियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्हें फांसी की सजा मिलनी ही चाहिए ताकि समाज को कड़ा संदेश जा सके। मौके पर ही मनोज धामा ने प्रशासन के आला अधिकारियों से फोन पर बातचीत की और पीड़ित परिवार को कम से कम 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि इस मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक अदालत में होनी चाहिए, ताकि पीड़िता और उसके परिवार को जल्द से जल्द न्याय मिल सके। धामा ने समाज और जनता से अपील की कि वे इस कठिन समय में पीड़ित परिवार का साथ दें और इस तरह की घटनाओं का खुलकर विरोध करें। उन्होंने कहा कि सभ्य समाज को अब जागना होगा और ऐसी विकृत मानसिकता को जड़ से खत्म करना होगा। मनोज धामा ने आश्वासन दिया कि उनका पूरा सहयोग हमेशा पीड़ित परिवार के साथ रहेगा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि न्याय की लड़ाई में वे खुद शामिल रहेंगे और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने तक चैन से नहीं बैठेंगे। इस दर्दनाक घटना ने न केवल लोनी बल्कि पूरे गाजियाबाद जिले को हिला दिया है। आमजन में गुस्सा और आक्रोश साफ दिखाई दे रहा है। समाज के हर तबके से यह मांग उठ रही है कि दोषियों को फांसी की सजा दी जाए ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह की घिनौनी हरकत करने की हिम्मत न कर सके।

# आरकेजीआईटी बना तकनीकी प्रगति का केंद्र



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित आरकेजीआईटी कॉलेज एक नई उपलब्धि के साथ प्रौद्योगिकी और विज्ञान की दिशा में आगे बढ़ा है। कॉलेज ने भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान, जो पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत आता है, के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता किया है। इस समझौते के तहत कॉलेज परिसर में एक स्वचालित मौसम केंद्र स्थापित किया जाएगा। यह स्वचालित केंद्र मौसम संबंधी कई आवश्यक मापदंडों को दर्ज करेगा जिनमें तापमान, आर्द्रता, वर्षा, वायु की गति और दिशा तथा वायुमंडलीय दाब शामिल हैं। इस तरह का वैज्ञानिक केंद्र गाजियाबाद जिले के लिए एक ऐतिहासिक पहल है, जो न केवल शिक्षा और शोध कार्यों को नई दिशा देगा बल्कि स्थानीय मौसम संबंधी आंकड़ों की उपलब्धता में भी महत्वपूर्ण योगदान करेगा। इस समझौते पर आरकेजीआईटी के निदेशक डॉ. बी. सी. शर्मा तथा भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान, पुणे के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शिवसाई अजीत दीक्षित और वैज्ञानिक डॉ. थारा प्रभाकरन के

# गाजियाबाद में आबकारी विभाग का मिशन क्लीन मार्केट

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। जनपद गाजियाबाद में अवैध शराब के खिलाफ चल रही मुहिम अब और भी तेज हो चुकी है। जिले की कमान संभाल रहे जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम ने यह जता दिया है कि उनके रहते शराब माफिया और नियम तोडे वाले दुकानदार किसी भी हाल में बख्शे नहीं जाएंगे। उनकी सख्त और अलग कार्यशैली के चलते आज गाजियाबाद में शराब तस्करों की कमर टूट रही है और लाइसेंसी दुकानदार भी अब नियमों के दायरे में आने को मजबूर हैं। पहले जहां विभागीय कार्रवाई सिर्फ अवैध शराब बेचने वालों तक ही सीमित मानी जाती थी, वहीं अब लाइसेंसी शराब की दुकानें भी इस निगरानी दायरे में आ चुकी हैं। जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी हाल में ग्राहक से शराब पर अंकित मूल्य से अधिक वसूली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यही वजह है कि अब न सिर्फ शराब तस्कर, बल्कि वे दुकानदार भी सकते में हैं जो नियमों का पालन करने में लापरवाही बरतते थे।




शुक्रवार को आबकारी निरीक्षक मनोज शर्मा, अखिलेश कुमार, डॉ. राकेश त्रिपाठी, चमन सिंह, अनुज वर्मा, कीर्ति सिंह और चन्द्रजीत सिंह की टीम ने जिले के अलग-अलग इलाकों में जबरदस्त कार्रवाई की। कई ठिकानों पर दबिश दी गई, वाहनों की जांच की गई और शराब की दुकानों का निरीक्षण हुआ। दुकानों पर गुप्त रूप से टेस्ट परचेज भी कराए गए, जिससे यह सामने आ सके कि कहीं विक्रेता ग्राहकों से अवैध वसूली तो नहीं कर रहे। यही नहीं, दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की भी बारीकी से जांच की गई। आबकारी विभाग ने जनता से यह भी अपील की है कि वे अपने क्षेत्र में हो रहे अवैध शराब कारोबार की जानकारी विभाग से साझा करें।

विभाग ने वादा किया है कि सूचना देने वाले का नाम और पता गोपनीय रखा जाएगा। इस कदम ने आम जनता को ताकत दी है। अब लोग खुलकर शराब माफियाओं और गलत तरीके से काम करने वाले दुकानदारों के खिलाफ आवाज उठाने लगे हैं। गाजियाबाद में जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम और उनकी टीम ने यह संदेश दे दिया है कि शराब कारोबार में किसी भी तरह की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उनकी सख्ती और पारदर्शी कार्यशैली ने गाजियाबाद में शराब कारोबार का पूरा परिदृश्य बदल दिया है।

# 12 दिन तक पुलिस से बचता रहा आरोपी, अदालत में आत्मसमर्पण

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। मुरादनगर क्षेत्र से सामने आया एक दुष्कर्म का मामला पुलिस और समाज दोनों को झकझोर गया। कानून की पढ़ाई कर रही एक छात्रा ने हिंदू युवा वाहिनी के नगर अध्यक्ष बताने वाले युवक सुशील प्रजापति पर गंभीर आरोप लगाया। छात्रा का कहना है कि आरोपी ने उसे नामी वकील के अधीन प्रैक्टिस कराने का लालच देकर अपने जाल में फंसाया और नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया। छात्रा ने अपने बयान में बताया कि वह भविष्य में एक वरिष्ठ वकील के अधीन प्रैक्टिस करना चाहती थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात सुशील प्रजापति से हुई, जिसने स्वयं को हिंदू युवा वाहिनी का नगर अध्यक्ष बताया। आरोप है कि उसने अपने प्रभाव और पहचान का हवाला देकर उसका विश्वास जीता और फिर उसे नामी वकील से मिलवाने का झांसा देकर अकेले बुलाया। इसी बहाने उसने छात्रा को नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

घटना का खुलासा होते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया और जांच शुरू कर दी। लेकिन मामला दर्ज होने के बाद आरोपी फरार हो गया। लगातार 12 दिन तक पुलिस की कई टीमें दिल्ली-एनसीआर समेत अन्य इलाकों में दबिश देती रहीं, लेकिन आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर रहा। आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गई थी। इसी बीच ग्रामीण क्षेत्र की पुलिस उपायुक्त (डीसीपी ग्रामीण) ने उसकी गिरफ्तारी में मददगार सूचना देने वाले को 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया। यह इस बात का सबूत था कि पुलिस इस पूरे मामले को लेकर कितनी गंभीरता से काम कर रही थी।

> लगातार बढ़ते दबाव और पुलिस की सक्रियता को देखते हुए अंततः आरोपी सुशील प्रजापति ने गाजियाबाद की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अब उससे पूछताछ कर रही है ताकि पूरे घटनाक्रम की सच्चाई सामने लाई जा सके। यह मामला न केवल कानून की पढ़ाई कर रही छात्रा के जीवन पर गहरा असर डाल गया, बल्कि समाज में भी आक्रोश और चिंता का विषय बन गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी को कानून के दायरे में लाकर पीड़िता को न्याय दिलाने की हरसंभव कोशिश की जाएगी

# राहुल गांधी के प्रेम और भाईचारे की नीति से प्रभावित होकर नेताओं ने थामा कांग्रेस का हाथ

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में शुक्रवार को एक अहम राजनीतिक घटनाक्रम देखने को मिला। यहां भारतीय जनता पार्टी को अलविदा कहने वाले कई नेताओं ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतीश शर्मा और पूर्व महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी ने नवागंतुक नेताओं को कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। इस मौके पर संभव समाधियां के नेतृत्व में पार्टी जॉइन करने वाले नेताओं का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सतीश त्यागी, मोहित शर्मा, मनीष कुमार, रिंकू सिंह, रघुवीर, संभव चढ़ा, बिजेंद्र पांडे, मोनू कुमार, अनुराग कुमार, सुरेंद्र पाल, जगदीश सिंह, संदीप कुमार, अमनदीप, उस्मान



उर्फ गुड्डू, नितिन, कपिल और बृजेश पांडे सहित कई नेताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने के बाद संभव समाधियां ने कहा कि आज देश को कांग्रेस की विचारधारा की सबसे अधिक आवश्यकता है। हम भाजपा की नफरत भरी राजनीति को छोड़कर राहुल गांधी के प्रेम, भाईचारे और एकता की नीति से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल हुए हैं। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी आशुतोष गुप्ता, सुरेंद्र शर्मा, हरपाल सिंह, अश्वनी त्यागी, उदय सिंह पाल, आबिद अली समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम स्थल पर कांग्रेस जिंदाबाद के नारे गूंजे और नेताओं का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

# महिला पहलवान राखी का आमरण अनशन शुरू, महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की लड़ाई

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। जिला मुख्यालय पर महिला पहलवान राखी ने शुक्रवार से आमरण अनशन शुरू कर पूरे समाज में हलचल मचा दी है। राखी का यह कदम केवल व्यक्तिगत न्याय की तलाश नहीं है, बल्कि उन तमाम महिलाओं की आवाज बन गया है जो वर्षों से अन्याय और भेदभाव का सामना करती आ रही हैं। राखी ने अपने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें बिना किसी कारण घर से निकाल दिया गया और उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुँचाई गई। उनका कहना है कि उनके पति भुवनेश कुमार, जो मुंबई में नौकरी करते हैं, ने धोखा देकर विदेश का रुख कर लिया और संपर्क पूरी तरह



से तोड़ दिया। वहीं उनके ससुर, जो उत्तर प्रदेश पुलिस में दारोगा हैं, ने उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया और जबरन तलाक देने का दबाव बनाया। राखी ने साफ कहा है कि वे तलाक नहीं चाहतीं, बल्कि अपने ससुराल में सम्मानपूर्वक स्वीकार किए जाने की मांग करती हैं। अनशन शुरू करते हुए राखी ने अपनी मांगों की सूची सार्वजनिक की, जिसमें घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत निष्पक्ष कार्रवाई, पुलिस की जवाबदेही तय करना, महिलाओं के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल सुनिश्चित करना, न्यायिक प्रक्रिया को तेज और सरल बनाना, महिला सशक्तिकरण के ठोस कदम उठाना और परामर्श केंद्रों में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच जैसी बातें शामिल हैं। राखी का कहना है कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक उनकी और लाखों महिलाओं की आवाज को न्याय नहीं मिलता। उन्होंने समाज से अपील करते हुए कहा कि यह संघर्ष केवल उनकी नहीं, बल्कि हर उस बहन-बेटी की लड़ाई है जो अपने अधिकारों के लिए आवाज उठा रही है।

# संवादात्मक सत्रों से छात्र-शिक्षकों को मिला व्यावहारिक अनुभव



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के शिक्षा विभाग में कार्य और शिल्प शिक्षा के शैक्षणिक मूल्य विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन हुआ। यह कार्यशाला छात्र-शिक्षकों के लिए एक अनोखा अवसर साबित हुई, जिसमें उन्हें शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं को अधिक रचनात्मक और प्रभावी बनाने के तरीके सिखाए गए। कार्यशाला का संचालन पिडिलाइट इंडस्ट्रीज की प्रशिक्षण विशेषज्ञ स्वाति ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षण-अधिगम को रोचक और सार्थक बनाने के अनेक टिप्स दिए। विशेष रूप से डिजाइन की गई रचनात्मक शिल्प आधारित गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया। स्वाति ने समझाया कि शिल्प केवल कला तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बच्चों की सोचने की क्षमता, कल्पनाशीलता और सीखने की गति को भी विकसित करता है। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने तीन प्रमुख परियोजनाएँ तैयार कीं परी गृह, लिप्पोन कला और पाउच पेंटिंग। इन परियोजनाओं ने उन्हें यह अनुभव कराया कि किस प्रकार साधारण कला गतिविधियाँ भी शिक्षण-अधिगम की प्रक्रिया को जीवंत बना सकती हैं। संवादात्मक और व्यावहारिक सत्रों ने छात्र-शिक्षकों को यह प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर दिया कि शिल्प किस तरह एक शक्तिशाली शैक्षणिक उपकरण बन सकता है। पूरी कार्यशाला का आयोजन मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशक डॉ. अलका अग्रवाल के निर्देशन में हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ कला का जुड़ाव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. गीता रानी ने कार्यशाला में प्रभावशाली प्रशिक्षण और छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन छात्र-शिक्षकों को भविष्य के लिए और अधिक सक्षम बनाते हैं।

# निष्पक्ष, पारदर्शी और संवेदनशील कार्यशैली के लिए जनता कर रही तारीफ

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद के निर्देश पर शुक्रवार को भी पुलिस उपायुक्त ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी ने हर दिन की तरह शुक्रवार को अपने कार्यालय सहायक पुलिस आयुक्त अंकुर विहार में जनसुनवाई की। शिकायत लेकर पहुंचे फरियादियों से उन्होंने आत्मीय संवाद किया, उनकी समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना और तत्काल सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। डीसीपी ग्रामीण की कार्यशैली की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे केवल शिकायतें सुनने तक सीमित नहीं रहते, बल्कि हर मामले की गहराई से जानकारी लेकर समाधान तक की निगरानी करते हैं। यही कारण है कि ग्रामीण क्षेत्र का आम नागरिक खुद को असहाय नहीं समझता, बल्कि उसे विश्वास रहता है कि उसकी बात अब सीधे उच्च अधिकारी तक पहुँच रही है। जनसुनवाई में आये लोगों ने कहा कि सुरेन्द्र नाथ तिवारी का व्यवहार बेहद सहज और संवेदनशील है। वह हर फरियादी को पूरा समय देते हैं और समस्या के समाधान तक उसका साथ निभाते हैं। जनता का मानना है कि उनकी कार्यशैली ने पुलिस के प्रति विश्वास और सम्मान को नई ऊँचाई दी है। पुलिस उपायुक्त ग्रामीण ने स्पष्ट कहा कि गाजियाबाद पुलिस की प्राथमिकता जनता को न्याय दिलाना है। कोई भी शिकायत छोटी या बड़ी नहीं होती, हर व्यक्ति की परेशानी हमारे लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने चेतावनी भी दी कि यदि किसी शिकायत को जानबूझकर लटकाया गया तो सम्बंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। दरअसल, गाजियाबाद पुलिस आयुक्तालय में रोजाना आयोजित हो रही जनसुनवाई एक ऐसा मंच बन चुकी है, जहाँ आम नागरिक बिना किसी भय और दबाव के अपनी बात रख सकता है। सुरेन्द्र नाथ तिवारी की प्रतिबद्धता और जमीनी स्तर पर काम करने की शैली ने इस पहल को और प्रभावी बना दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उनकी नेतृत्व क्षमता और सक्रियता के कारण ही ग्रामीण क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है। वे न केवल शिकायत सुनते हैं, बल्कि मौके पर जाकर हालात की समीक्षा करने में भी पीछे नहीं रहते। यही कारण है कि ग्रामीण क्षेत्र की जनता उन्हें जनता के सच्चे प्रहरी के रूप में देखने लगी है।

